www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

27 अप्रैल 2026
हरदा, सोमवार
वर्ष-15, अंक - 319, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
वैशाख शुक्ल पक्ष - 11
विक्रम संवत् 2083

## महेंद्र सिंह यादव को सौंपी अपेक्स बैंक की कमान

### 11 साल बाद मिला अपेक्स को नया अध्यक्ष



**पवन शर्मा, हरदा।**

लंबी कबायद के बाद आखिर मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) को किसान नेता महेंद्र सिंह यादव के रुप में नया अध्यक्ष मिल गया। पिछ्ले 6 महीनों से निगम मंडलों में नियुक्तियों को लेकर कयास लगाए जाते रहें हैं, लेकिन अब सत्ता और संगठन में तालमेल बनाकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिलसिलेवार नियुक्तियां करना शुरू कर दिया है। पिछ्ले दिनों जहां चार निगम मंडलों में राजनीतिक नियुक्तियां की गई, वही वर्षों से रिक्त पड़े अपेक्स बैंक के अध्यक्ष पद पर संघ और भाजपा की कसौटी पर खरे उतरने वाले एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के विश्वासपात्र किसान नेता महेंद्र सिंह यादव को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि 13 मई 2015 को न्यायालीन आदेश उपरांत अपेक्स बैंक का संचालक मंडल भंग कर दिया गया था। तब से लेकर अभी तक बैंक में प्रशासक के माध्यम से ही काम चल रहा था। अपेक्स बैंक के अस्तित्व में आने के बाद से ही प्रदेश की इस शीर्ष संस्था पर कांग्रेस नेताओं का दबदबा कायम रहा था। लेकिन भाजपा के प्रदेश की सत्ता में आने पश्चात पहली बार भाजपा विधायक रहे भंवर सिंह शेखावत नवंबर 2009 से 2015 तक मध्य प्रदेश अपेक्स बैंक के अध्यक्ष पद पर रहे। बहरहाल उनका कार्यकाल वैसे तो नवंबर 2014 में ही खत्म हो गया था, लेकिन चुनाव या नवीन नियुक्त नहीं होने के कारण उनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। परंतु बाद में हाई कोर्ट के आदेश पर कार्यकारिणी भंग कर रजिस्ट्रार को प्रशासक नियुक्त किया जाता रहा। वर्ष 2015 से अभी तक सहकारी समितियों के चुनाव को लेकर कई बार घोषणा की जाती रही, चुनावी कार्यक्रम भी घोषित कर दिए गए, लेकिन अंतिम समय पर उन्हें रोकते हुए यह चुनाव नहीं हो पाए। ऐसी स्थिति में पिछ्ले 11 वर्षों से अपेक्स बैंक अध्यक्ष विहीन बना हुआ था।



### सहकारी संस्थाओं को मिलेगी मजबूती

भारतीय जनता पार्टी की कार्यपद्धति से भलि भांति परिचित, लंबे समय संगठनात्मक दायित्व निर्वहन करने वाले महेंद्र सिंह यादव को प्रशासनिक कार्य व्यवस्था के संचालन का भी अच्छा अनुभव है। श्री यादव पूर्व में मध्यप्रदेश बीज विकास निगम अध्यक्ष पद का दायित्व भी निर्वाह कर चुके हैं। उनके अपेक्स बैंक जैसे किसानों की महत्वपूर्ण संस्था की कमान संभालने से निश्चित ही जिला एवं ग्रामीण स्तर पर सहकारी समितियों को बल मिलेगा। किसानों के बीच लंबे समय से काम करने वाले श्री यादव किसानों की आवश्यकताओं तथा सहकारी समितियों की व्यवहारिक परेशानियों से भी बखूबी परिचित हैं। ऐसी स्थिति में वह सहकारी समितियों एवं किसानों के बीच सेतु का कार्य करते हुए उन समस्याओं को प्रमुखता से समाधान कर सकते हैं। ग्वालियर चंबल क्षेत्र में भाजपा को मैदानी मजबूती प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले महेंद्र सिंह यादव की जहां संगठन में मजबूत पकड़ है तो वहीं वह मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के विश्वासपात्र होने से सहकारी आंदोलन को जमीनी धरातल पर मजबूती प्रदान करेंगे। वर्षों बाद सहकारी क्षेत्र में भाजपा के मनोनीत अध्यक्ष बनने पर इन दिनों महेंद्र सिंह यादव को बधाई का तांता लगा हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि श्री यादव का कार्यकाल सहकारिता के क्षेत्र में नया इतिहास रचने वाला साबित हो।

### महिला आरक्षण पर कांग्रेस पर भड़के सीएम मोहन यादव

## मुख्यमंत्री बोले-पांच पीढ़ियों ने रोके महिलाओं के अधिकार

**अनोखा तीर, भोपाल।**

भोपाल में रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने अलग अंदाज में नजर आए। वे अचानक वीआईपी रोड स्थित एक रेस्टोरेंट पहुंचे, जहां उन्होंने आम लोगों के बीच बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना और लोगों से संवाद किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर वहां मौजूद लोग उत्साहित दिखे। इस दौरान उन्होंने युवाओं और नागरिकों से चर्चा करते हुए कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस नेतृत्व ने महिलाओं के अधिकारों को लेकर सकारात्मक भूमिका नहीं निभाई।



उन्होंने जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वार्डा का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की कई पीढ़ियों ने महिलाओं के अधिकारों को लेकर नकारात्मक रवैया अपनाया। सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की वजह से महिलाओं को उनका अधिकार मिलने में देरी हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक फैसला लिया, लेकिन विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को विधानसभा में भी मजबूती से उठाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में लगातार तीसरे साल जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है और इसके सकारात्मक नतीजे सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुएं, बावड़ियों और पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का काम तेजी से किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार गेहूं के साथ-साथ चना और मसूर की भी खरीदी कर रही है, ताकि किसानों को बेहतर लाभ मिल सके।

## एमपी विधानसभा का विशेष सत्र आज

### नारी शक्ति के सशक्तिकरण पर होगी चर्चा

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्य प्रदेश विधानसभा के 27 अप्रैल को प्रस्तावित विशेष सत्र में पहली बार संसद से पारित ना होने वाले बिल पर चर्चा होगी। इस सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विस्तृत चर्चा होने जा रही है। महिला आरक्षण और महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपनी-अपनी रणनीति तैयार कर ली है, जिससे सदन में तीखी बहस देखने को मिल सकती है।



जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार इस विशेष सत्र के जरिए महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को प्रमुखता से सामने रखेगी और महिला सशक्तिकरण को लेकर चर्चा करेगी। वहीं, कांग्रेस 2023 में पारित महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का सदन में संकल्प पत्र ला सकती हैं। बता दें केंद्र सरकार का सदन में महिला आरक्षण से जुड़ा लाया गया 131वां संविधान संशोधन बिल सदन में पारित नहीं हो सका। इसके बाद मध्य प्रदेश समेत देश में नारी शक्ति को लेकर सियासत गरमा गई। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस समेत विपक्ष को नारी शक्ति का विरोधी बताते हुए आरक्षण लागू नहीं करने की बात कहीं। वहीं, कांग्रेस समेत विपक्ष ने भाजपा पर महिला आरक्षण को लेकर जनता को गुमराह करने और चुनाव में फायदा उठाने का आरोप लगाया। इसको लेकर भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के आरक्षण का बिल पारित नहीं होने को लेकर अभियान के तहत जनता तक बात पहुंचाई जा रही है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोटा जिले में श्री कृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए शामिल

### पार्वती-कालीसिंध-चम्बल परियोजना: मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए

## आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगी

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंबल मैया का आशीर्वाद मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों प्रांतों को मिल रहा है। हमारा प्रदेश अनेक नदियों के उद्गम के कारण नदियों का मायका है। मध्यप्रदेश और राजस्थान जोड़ीदार प्रदेश हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से स्वीकृत पार्वती- काली सिंध -चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना से मध्यप्रदेश और राजस्थान लाभान्वित होंगे। पीकेसी प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोटा जिले में श्रीकृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार शामिल है। विवाह ही कुल और गोत्र को आगे बढ़ाते हुए अमरता देते हैं। विवाह से जीवन साथी के साथ बेटियों को नए माता- पिता मिलते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान में सामूहिक विवाह काफी उपयोगी हैं। मेरे अपने बेटे का विवाह सादगी पूर्वक किया था। परिवारों को खर्चीले विवाहों के कारण आर्थिक कष्ट उठाने होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने समाज का मार्गदर्शन किया। धर्म मार्ग पर चलने की सभी को प्रेरणा दी। अनेक कष्ट सहते हुए उनका जीवन एक उदाहरण बना। भगवान श्री कृष्ण ने लोकतंत्र की स्थापना का उदाहरण दिया था, जब कंस के वध के पश्चात स्वयं सत्ता नहीं सम्हाली। वे लोकतंत्र के सच्चे नायक थे। उन्होंने धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। मध्यप्रदेश सरकार श्रीकृष्ण पाथेय का विकास कर रही है। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि आज यदुवंशी समाज के युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने दायित्व निर्वहन के लिए गंभीर हैं। समाज के युवा सेना में शामिल होकर सीमा की रक्षा कर रहे हैं। श्री बिरला ने कहा कि यह निश्चित ही प्रशंसनीय है कि यदुवंशी समाज वर्तमान सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रहा है। निःशुल्क विवाह समारोह का लाभ युवाओं को मिल रहा है। श्री बिरला ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में आगमन पर प्रसन्न्ता व्यक्त की।

## साइबर ठगी पर एमपी सरकार सख्त

### 5 आईपीएस समेत 8 अफसरों की टीम गठित, ठगों पर होगी त्वरित कार्रवाई

**अनोखा तीर, भोपाल।** मध्य प्रदेश में बढ़ते साइबर फ्रॉड और फर्जी निवेश योजनाओं के जरिए लोगों से ठगी करने वालों पर अब सरकार सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। आम लोगों को लालच, डर और फर्जी योजनाओं के जाल में फंसाकर पैसा हड़पने वाले गिरोहों पर निगरानी बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने 5 आईएएस अधिकारियों समेत 8 वरिष्ठ अफसरों की विशेष टीम गठित की है। इस टीम की कमान अपर मुख्य सचिव गृह शिव शेखर शुक्ला को सौंपी गई है।

**प्रदेश में बढ़ रहे ऑनलाइन ठगी के मामले** – सरकार का मानना है कि प्रदेश में ऑनलाइन ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। साइबर अपराधी लोगों को कभी आसान लोन, अधिक मुनाफे वाले निवेश, फर्जी प्रॉपर्टी डील और ऑनलाइन ऑफर का लालच देकर ठग रहे हैं।

## सिंधिया को हराने वाले केपी यादव का 'पावरफुल' कमबैक

### अमित शाह ने पूरा किया अपना वादा, लोकसभा चुनाव के समय दिया था भरोसा

**अनोखातीर, भोपाल।** 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले डॉ केपी यादव, जिन्हें सिंधिया के भाजपा में आने के बाद गुना लोकसभा से टिकट काट दिया था। अब उन्हें मध्य प्रदेश सरकार ने निगम मंडल में जगह दी है, जिसे लोग अमित शाह के द्वारा दिया हुआ वचन पूरा करने के रूप में भी देख रहे है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में लगातार निगम मंडल की नियुक्तियां की जा रही है। ऐसे में लंबे समय से निगम मंडल में अपने नेताओं को जगह दिलाने के लिए एमपी में जोर आजमाइश के साथ ही नेता दिल्ली तक दौड़ लगा रहे थे। ऐसे में शनिवार की देर रात गुना लोकसभा के पूर्व सांसद डॉक्टर केपी यादव को मध्यप्रदेश स्टेट सप्लाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड में संचालक नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि 2019 में ज्योतिरादित्य सिंधिया को गुना लोकसभा से डॉ. के पी यादव ने चुनाव हराया था और चर्चा में आए थे। जिसके बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस की सरकार गिरा कर मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई थी। इसके बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया राज्यसभा सांसद चुने गए और फिर 2024 के लोकसभा चुनाव में केपी यादव का टिकट काट कर गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चुनाव लड़ा था।



### सिंधिया एवं केपी यादव के बीच दूरियां जारी

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं डॉ. केपी यादव में दूरियां जारी हैं। क्षेत्र में अक्सर सक्रिय ज्योतिरादित्य सिंधिया के शासकीय कार्यक्रमों में डॉ केपी यादव नदारद रहते हैं। वहीं क्षेत्र में होने वाले मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यक्रम में डॉ केपी यादव सक्रिय भूमिका में नजर आए, जिससे क्षेत्र में मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के बीच भी राजनीतिक खींचतान की खबर आती रहती हैं।

### एमपी सीएम ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

## कहा-पीएम ने मन की बात को बिठा दिया है देशवासियों के मन में

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण का भोपाल के वीआईपी रोड स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में जनप्रतिनिधियों के साथ श्रवण किया। इस अवसर पर आमजन भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'मन की बात' देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला एक सशक्त संवाद मंच है। इसके जरिए प्रधानमंत्री श्री मोदी समाज के विभिन्न वर्गों की प्रेरक कहानियों, नवाचारों और सकारात्मक प्रयासों को सामने लाते हैं, जिससे आमजन को नई दिशा और प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात कर कार्यक्रम को पूरे देशवासियों के मन में बिठा दिया है। उन्होंने देश को नवाचार की नई दृष्टि दी है। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को सशक्त करते हैं।




- **सीएम ने बच्चों का बढ़ाया हौंसला–** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रेस्टोरेंट में कैप पेंटिंग कर रहे चार छोटे बच्चों से बाल सुलभ वार्तालाप कर उनकी हौसला अफजाई की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बच्चों को अपने हाथों से नाश्ता कराया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई सम्बंधित बातचीत कर उन्हें हमेशा अपने बड़े-बुजुर्गों, माता-पिता और बड़े भाई-बहनों का सम्मान करने और माता-पिता के नाम का उच्चारण करते समय सदैव 'श्रीमती' और 'श्री' से प्रारंभ कर सम्मानजनक संबोधन ही करने की सीख दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आमजनों, युवाओं और बच्चों के साथ सहज रूप से अभिभावक की तरह अनौपचारिक चर्चा की और सबके साथ समूह चित्र खिंचवाकर उनका उत्साहवर्धन भी किया।

### दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है हमारी 2027 की डिजिटल जनगणना : मोदी


'मन की बात' में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इन दिनों हमारे देश में एक बहुत ही अहम अभियान चल रहा है, जिसके बारे में हर भारतीय को जानकारी होनी जरूरी है। ये है जनगणना का अभियान, यह दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। हमारे साथी पहले भी इस तरह की प्रक्रिया से गुजर चुके हैं। इस बार जनगणना का उनका अनुभव, अलग होने वाला है। जनगणना 2027 को पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजीटल माध्यम में दर्ज हो रही है। घर-घर जाने वाले कर्मचारियों के पास मोबाइल ऐप है। वे नागरिकों से बात करके उसी में सारी जानकारी दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना में आपकी भागीदारी भी आसान बनाई गई है, नागरिकगण खुद भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। कर्मचारी के आने से 15 दिन पहले सबके लिए यह सुविधा शुरू होगी। नागरिक अपने समय के अनुसार जानकारी भर सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

## भारत के चाणक्य अजीत डोभाल का खाड़ी मिशन

### सऊदी अरब के बाद पहुंचे अबू धाबी, राष्ट्रपति जाएद अल नाह्यान से की मुलाकात

**अबू धाबी (एजेंसी)।** मध्य पूर्व में तनाव के बीच भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल अबू धाबी पहुंचे हैं। शनिवार 25 अप्रैल को उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जाएय अल नाह्यान से मुलाकात की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बैठक में दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता और पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा की। बैठक का मुख्य जोर सुरक्षा चिंताओं, आर्थिक हितों के साथ ही इजरायल-ईरान युद्ध के बाद क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच आपसी तालमेल पर था। एनएसए अजीत डोभाल का यह



दौरा भारत की खाड़ी देशों तक पहुंच बनाने की कोशिश का हिस्सा है, जिसे अमेरिका और ईरान में बढ़ते तनाव के बीच तेज कर दिया गया है। इसके पहले 20 अप्रैल को डोभाल ने सऊदी अरब की यात्रा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर की गई इस यात्रा में सऊदी अरब के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठकें हुईं थीं। इसमें ऊर्जा और विदेश मामलों के मंत्रियों के साथ ही सुरक्षा अधिकारियों के साथ मुलाकातें शामिल थीं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया था कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर खाड़ी देशों में हमारा आउटरीच जारी है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने 19 अप्रैल को सऊदी अरब का आधिकारिक दौरा किया। दौरे पर उन्होंने सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री और विदेश मंत्री के साथ ही यूएई के अपने समकक्ष से भी मुलाकात की। रियाद में बातचीत को क्षेत्रीय अस्थिरता पर विचारों का एक अहम आदान-प्रदान और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। सऊदी अरब में चर्चा चार प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित थी।

## टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन हुआ फेल

### 6 घायल, 4 नवजात समेत 232 लोग सवार थे; फ्लाइट ज्यूरिख जा रही थी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली एयरपोर्ट में टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल हो गया। स्विस एयरलाइंस की एस-147 फ्लाइट शनिवार देर रात 1.08 बजे टेकऑफ करने वाली थी। तभी उसका एक इंजन फेल हो गया और उसमें आग लग गई। इसके बाद पायलट ने तुरंत विमान रोक दिया। अधिकारियों ने बताया कि रनवे पर इमरजेंसी स्लाइड का इस्तेमाल करके सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। 6




यात्री घायल हो गए। फ्लाइट स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख जाने वाली थी। स्विस एयरलाइन ने एक बयान में कहा, हमें दिल्ली में फ्लाइट एस147 से जुड़ी घटना के बारे में जानकारी मिली है। जिस विमान में खराबी आई, वह एयरबस एस 330 है। घटना भारतीय समय के अनुसार रात 1 बजे के बाद की है। जैसे ही विमान टेकऑफ करने के लिए रनवे में आया। विमान के बाईं ओर लैंडिंग गियर से धुआं निकलता देखा गया। इसके बाद तुरंत फ्लाइट को रोक दिया गया। एयरलाइन ने कहा, हमारी स्थानीय टीमें मौके पर मौजूद हैं और यात्रियों की देखभाल कर रही हैं। हम स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर इस मामले पर काम कर रहे हैं। इस घटना के कारणों को पूरी तरह से समझने के लिए टीम दिल्ली जाएगी।



# अगले महीने दस्तक देगा मॉनसून, होगी झमाझम बारिश

● मौसम एक्सपर्ट बोले-इस बार समय से पहले होगी बरसात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून इस बार 15 से 25 मई के बीच अंडमान-निकोबार द्वीप समूह तक पहुंच सकता है। इसके बाद इसके 25 मई तक केरल पहुंचने के आसार हैं। मॉनसून को लेकर यह ताजा जानकारी यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम रेंज वेदर फोरकास्ट्स (ईसीएमडब्ल्यूएफ) ने दी है। वैज्ञानिकों के अनुसार मॉनसून के जल्दी आने की वजह इस बार अल नीनो है। अल नीनो की स्थितियां बनने की संभावना बहुत कम है। पॉजीटिव ओशन डाइपोल से भी बारिश के जल्दी होने और मॉनसून के पहले दस्तक देने की संभावना है। यूरोपियन एजेंसी के मुताबिक मई के आखिर तक दक्षिण भारत में झमाझम बारिश हो सकती है। आईएमडी ने देश के कई हिस्सों में तेज गर्मी और लू चलने का अलर्ट दिया है। उत्तर-पश्चिम, मध्य और दक्षिण भारत के कई इलाकों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है और हालात चिंताजनक बने हुए हैं। आईएमडी के अनुसार इन दिनों कई राज्यों में अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री के बीच पहुंच चुका है। सबसे ज्यादा तापमान राजस्थान के श्री गंगानगर में 44.5 डिग्री रहा। कई जगहों पर तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक अधिक रहा।

# अब और नहीं सहेंगे कहने का समय आ गया है: मोदी

● पीएम ने कहा-टीएमसी का घमंड टूटा, भाजपा की जीत तय

● बोले-ममता की सरकार में मां-माटी और मानुष का सम्मान नहीं

**कोलकाता (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के बनगांव की रैली में कहा कि पहले फेज के मतदान में टीएमसी का घमंड टूट चुका है। दूसरे चरण में भाजपा की जीत तय होती दिख रही है। पीएम ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में छोटे-छोटे नेता और गुंडे खुद को सरकार समझने लगे हैं। पीएम ने कहा, '15 साल पहले टीएमसी 'मां, माटी, मानुष' का नारा देकर सत्ता में आई थी, आज वे इन शब्दों को बोल भी नहीं पाते। अगर ये लोग ये शब्द बोलेंगे, तो इनके पाप सामने आ जाएंगे। टीएमसी के राज में मां-माटी और मानुष का सम्मान नहीं है। पश्चिम बंगाल में सेकेंड फेज की वोटिंग 29 अप्रैल को होगी। पीएम मतुआ समुदाय से जुड़े मंदिर भी जाएंगे। ये मंदिर संप्रदाय के संस्थापकों- हरि चंद और गुरु चंद ठाकुर का पवित्र स्थल है। रविवार को भाजपा सांसद रवि किशन ने हावड़ा में बीजेपी कैंडीडेट उमेश राय के समर्थन में रोड शो निकाला। इस दौरान कुछ टीमएसी समर्थक रोड शो में घुस गए। भाजपा समर्थकों से उनकी बहस भी हुई।



### अत्याचार करने वाले गुंडों के साथ खड़ी है टीएमसी

पीएम ने कहा- बंगाल की महिलाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता इस बात से दिखती है कि हमने संदेशखाली पीड़िता और आरजी कर डॉक्टर की मां को चुनावी टिकट दिया है। टीएमसी की निर्मम सरकार बंगाल की महिलाओं पर अत्याचार करने वाले गुंडों के साथ खड़ी रहती है। अब समय आ गया है कि बंगाल की जनता कहे- अब और नहीं सहेंगे।

### बंगाल में अब सिर्फ एक ही नारा है 'पलटानो दरकार'

पीएम ने कहा- 15 साल पहले हुगली नदी के आसपास का इलाका कभी मिलों और फैक्ट्रियों का बड़ा केंद्र हुआ करता था, लेकिन आज वहां ताले लगे होने की खबरें आती हैं। ब्रिटिश दौर की फैक्ट्रियां भी बंद हो रही हैं। पीएम ने कहा- आज सिर्फ एक ही फैक्ट्री और एक ही दुकान चल रही है-सिंडिकेट की कट-मनी और कमीशनखोरी की दुकान।

## ऑल वेदर तकनीक से लैस होगी जम्मू और श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन

### 30 अप्रैल से चलेगी, 6 घंटे में पूरा करेगी सफर, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



**पठानकोट (एजेंसी)।** रेलवे ने जम्मू-कश्मीर के बर्फीले और ठंडे मौसम के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई वंदे भारत ट्रेन लॉन्च की है, जो 30 अप्रैल से जम्मू से श्रीनगर तक चलेगी। यह महज 6 घंटे में यह सुहाना सफर पूरा करेगी। विशेष वंदे भारत ट्रेन में सिग्नेचर सेमी-हाई-स्पीड बरकरार रहेगी। इसमें पहली बार ऐसी विंटराइजेशन (शीतकालीन) तकनीक का उपयोग किया गया है जो इसे माइनस डिग्री तापमान में भी सुचारू रूप से चलाने में सक्षम बनाएगी। ट्रेन का जम्मू से श्रीनगर के लिए ट्रायल किया गया, जो 6 घंटे में श्रीनगर पहुंची।

### ट्रेन में अत्याधुनिक हीटिंग सिस्टम

जम्मू-कश्मीर के बर्फीले मौसम को देखते हुए ट्रेन में कई अत्याधुनिक हीटिंग सिस्टम लगाए गए हैं। पहली बार पानी की पाइपलाइनों को जमने से बचाने के लिए सेल्फ-रेगुलेटिंग हीटिंग केबल का उपयोग किया गया है। ये केबल बाहरी तापमान के अनुसार अपनी गर्मी को घटा या बढ़ा सकती है। पानी के टैंकों में 1800 वोल्ट के सिलिकॉन हीटिंग पैड लगाए गए हैं। साथ ही, बायो-टैंकों और सहायक टैंकों में भी विशेष हीटिंग व्यवस्था की गई है ताकि स्वच्छता प्रणाली प्रभावित न हो।

### सीसीटीवी कैमरों से लैस है एसी 20 कोच वाली ट्रेन

इस ट्रेन की गति 160 किमी प्रति घंटे की होगी। पूरी तरह से एयरकंडीशन 20 कोच वाली ट्रेन स्वचालित प्लग दरवाजे और एलईडी लाइटिंग से लैस होगी। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और ऊर्जा बचाने वाली पुनर्योजी ब्रेकिंग प्रणाली लगी है। यह स्थानीय निवासियों की मांग को ध्यान में रखकर की गई है।



# बंगाल में लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडाराज चल रहा

● आसनसोल में कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या पर भड़के राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल में कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की हत्या पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर करारा वार किया है। कांग्रेस सांसद ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर देबदीप की हत्या के आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडाराज चल रहा है। यही नहीं राहुल गांधी ने राज्य सरकार से कांग्रेस कार्यकर्ता के परिवार को पूर्ण सुरक्षा और मुआवजा देने की मांग भी उठाई है। राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद टीएमसी से जुड़े गुंडों की ओर की गई हत्या बेहद निंदनीय है। पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडाराज चल रहा है। वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना, यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है। कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी, और न कभी टिकेगी। हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है। यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प। **राहुल गांधी ने उठाई पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग-** इसके साथ ही, राहुल गांधी ने जान गंवाने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता के परिवार को पूर्ण सुरक्षा के साथ ही मुआवजा देने की भी मांग उठाई। उन्होंने पोस्ट में लिखा- मेरी मांग स्पष्ट है- सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो, कठोरतम सजा मिले और देबदीप के परिवार को पूर्ण सुरक्षा और मुआवजा मिले।

# अमरीका में फायरिंग, ट्रंप को सुरक्षित निकाला

● 7 राउंड फायरिंग हुई, गेस्ट टेबल के नीचे छिपे

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में सालाना व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर के दौरान फायरिंग हो गई। शनिवार शाम के इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पत्नी मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बड़े अफसर मौजूद थे। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक हमलावर ने होटल के बॉलरूम के बाहर फायरिंग की। ट्रम्प और गेस्ट बॉलरूम के अंदर थे। ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पकड़ लिया गया है। पहले खबर आई थी कि हमलावर को मार गिराया गया। हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने



मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा- अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ।

● **जहां कार्यक्रम, उसी होटल में ठहरा था हमलावर-** पुलिस विभाग के अंतरिम चीफ जेफरी कैरोल के मुताबिक, हमलावर उसी होटल में मेहमान था, जहां व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट का डिनर कार्यक्रम हो रहा था। जिस कमरे में वह ठहरा था, पुलिस उसकी भी जांच कर रही है।

## आजादी के 78 साल बाद अबूझमाड में हुआ सबेरा

**रायपुर (एजेंसी)।** उस रात हम सोए नहीं... बस टकटकी लगाकर देखते रहे कि बल्ब कैसे जल रहा है। इतापानार गांव के एक ग्रामीण के ये शब्द उस अहसास को बयां करते हैं जिसे हम और आप शायद कभी नहीं समझ पाएंगे। जिला मुख्यालय नारायणपुर से महज 30 किलोमीटर दूर, लेकिन दुर्गम रास्तों के कारण घंटों की दूरी पर बसा यह गांव अब तक सिर्फ स्मृतियों में था, नक्शों पर नहीं। लेकिन अब यहां बिजली पहुंच चुकी है।

**किलोमीटर में नहीं, संघर्ष में मापा गया रास्ता-** इतापानार तक बिजली पहुंचाना किसी रूटीन प्रोजेक्ट जैसा नहीं था। यहां रास्ता घने जंगलों, खड़ी पहाड़ियों और ऊबड़-खाबड़ पगडंडियों से होकर गुजरता है।

## अब बिहार के नए मंत्रिमंडल में दिखेगा सामाजिक समीकरण

● जेडीयू नए चेहरों को देगी मौका

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा तेज है कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार में क्षेत्रीय व सामाजिक समीकरण का नया स्वरूप दिख सकता है। अगड़ी, पिछड़ी और अति पिछड़ी जाति तीनों के संदर्भ में यह बात कही जा रही है। वहीं, जदयू अपने कुछ पूर्व मंत्रियों के नाम पर यथास्थिति मोड में हैं। भाजपा कुछ पुराने चेहरे पर दृढ़ तो है ही, लेकिन क्षेत्रीय व सामाजिक समीकरण को ध्यान में रख कई नए नाम को मंत्रिमंडल में जगह मिलने की उम्मीद है। भाजपा में क्षेत्रीय समीकरण के मामले को सामाजिक समीकरण से जोड़ा जा रहा। मगध क्षेत्र से भाजपा ने अति पिछड़ी जाति को महत्वपूर्ण पद पर जगह दिया हुआ है। इसलिए यह कहा जा रहा कि मगध क्षेत्र से किसी सवर्ण जाति के विधायक को मंत्री बनाया जा सकता है।



# हिज्बुल्ला जहां गिरा रहा बम वही बसाए जाएंगे भारतीय यहूदी

### एयरलिफ्ट कर ले गया इजरायल भारत ने जारी की थी एडवाइजरी

**तेल अवीव (एजेंसी)।** ईरान के साथ युद्ध और तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारत से करीब 240 लोगों को एयरलिफ्ट कर इजरायल ले गया है। ये सभी बेनी मेनाशे समुदाय के लोग हैं और माना जाता है कि ये सभी सैकड़ों साल पहले हमला होने के बाद इजरायल छोड़कर भागे थे। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच इजरायल ऑपरेशन विंग्स ऑफ डॉन चलाकर इन्हें ले जाया गया है। हालांकि बेनी मेनाशे समुदाय के सदस्यों को पहले भी कई बार इजरायल ले जाया जा चुका है लेकिन यह पहली बार है कि पश्चिम एशिया में चल रहे क्षेत्रीय युद्ध के माहौल में इतनी बड़ी संख्या में उन्हें हवाई मार्ग से वहां पहुंचाया जा रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस ऑपरेशन विंग्स ऑफ डॉन को मंजूरी दी थी जिसके तहत पूर्वोत्तर भारत से बेनी मेनाशे समुदाय के सदस्यों को हवाई मार्ग से इजरायल पहुंचाया गया है। द ज्यूइश एजेंसी फॉर इजरायल ने बताया है कि गुरुवार (23 अप्रैल) को नई दिल्ली से रवाना हुई फ्लाइट में बेनी मेनाशे समुदाय के लोगों का पहला जत्था शामिल था। यह समुदाय मुख्य रूप से मणिपुर के चुराचांदपुर और मिजोरम-म्यांमार सीमा से सटे उन इलाकों में पाया जाता है जो कूकी-चिन-जो समुदायों के लिए जाने जाते हैं।



### लड़ाई वाले इलाकों में बसाए जाएंगे भारत से गये यहूदी

जेएएफआई की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि आज जो फ्लाइट उतरी उसमें दर्जनों युवा परिवार शामिल थे जो शुरू में नोफ हागलील में बने एब्जॉर्प्शन सेंटर में रहेंगे। उसके बाद वहां वे उन रिश्तेदारों से भी मिलेंगे जो पिछले सालों में आलिया (इसराइल में बसने) के लिए आए थे। जेएएफआई ने आगे बताया कि ऐसे लोगों की कुल संख्या लगभग 600 होने की उम्मीद है। बाकी समुदाय के सदस्यों के आने वाले दिनों में रवाना होने की उम्मीद है। द जेरूसलम पोस्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि नए आने वाले लोगों को हाईफा के पास एक उपनगर किरयात याम में बसाया जाएगा। यह समूह आलिया और एकीकरण मंत्रालय और जेएएफआई की अगुवाई वाली एक पहल के तहत बेन गुरियन हवाई अड्डे पर पहुंचा। उम्मीद है कि उन्हें इसराइल के उत्तरी हिस्से में बसाया जाएगा जिसे हाल के महीनों में हिज्बुल्लाह ने निशाना बनाया है। वहीं द हिंदू की एक रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने कहा कि भारत ने इस एयरलिफ्ट में कोई मदद नहीं दी और भारत की जिम्मेदारी यह पक्का करना है कि विदेश यात्रा के दौरान हमारे नागरिकों की मानव-तस्करी न हो। अधिकारी ने आगे कहा कि इसके अलावा हम किसी को भी कानूनी तरीके से बसने से नहीं रोक सकते।

## केलनपुर में अधूरी नाली निर्माण से ग्रामीण परेशान

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा जिले के ग्राम केलनपुर में नाली निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधूरी नाली के कारण गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे आवागमन में दिक्कत के साथ-साथ बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है, ताकि समस्या से राहत मिल सके।



## महिला आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर निकाला पैदल मार्च

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर आज भोपाल में महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर पैदल मार्च निकाला गया। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देशित किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने 18 सितम्बर 2023 को राज्यसभा में एवं 21 सितम्बर 2023 को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल को पूर्ण समर्थन किया था और दोनों सदनों में बिल पास हो



चुका था, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे आज तक लागू नहीं किया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पुरजोर तरीके से मांग की है कि देश के प्रधानमंत्री यदि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना चाहते हैं तो तत्काल 543 सीटों पर आरक्षण लागू करें, पूरा विपक्ष सरकार के साथ है। आज भोपाल पैदल मार्च में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 27 अप्रैल को विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है, जिसमें महिला आरक्षण बिल पर चर्चा होगी। कांग्रेस पार्टी ने प्रस्ताव रखा है कि यदि भाजपा सरकार महिला आरक्षण देना चाहती है तो 2023 के बिल को तत्काल लोकसभा की 543 सीटों एवं विधानसभा की 230 सीटों पर 33 प्रतिशत आरक्षण के रूप में लागू किया जाए। भोपाल में आयोजित पैदल मार्च में जिला अध्यक्ष मोहन सांई, सोनतलाई ब्लाक अध्यक्ष सुरेन्द्र बिश्नोई, सतीश भादू, भजन बेनीवाल, सतीश खोड़, अनिल बिश्नोई सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## भागवत कथा के तृतीय दिवस सृष्टि वर्णन व भक्त चरित्रों का रसपूर्ण वाचन

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम के रहटगांव रोड स्थित मोती बाबा देवस्थान पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस रविवार को कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। व्यासपीठ पर विराजमान वृंदावन से पधारे पंडित मनोज महाराज ने सृष्टि वर्णन, ब्रह्मा आदि की उत्पत्ति तथा



भागवत महिमा का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान महाराज ने भगवान के विभिन्न अवतारों, महाराज मनु के वंश विस्तार, देवताओं की उत्पत्ति तथा ध्रुव के चरित्र का भावपूर्ण वाचन किया। इसके साथ ही प्रियव्रत की कथा, राजा भरत का प्रसंग, ऋषभदेव की शिक्षाएं, प्राचीनवर्षी (प्राचीनबर्हि) की कथा और अजामिल के उद्धार का मार्मिक वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। महाराज ने नाम महिमा पर प्रकाश डालते हुए भक्त प्रहलाद की अटूट भक्ति का प्रेरणादायक प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति रस में सराबोर होते नजर आए। आयोजकों ने बताया कि सोमवार को कथा के अंतर्गत भगवान राम एवं भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

## बादलों ने बढ़ाई उमस, दिनभर तपिश के बाद शाम को छाए बादल

**अनोखा तीर, मसनगांव।** गर्मी के इस सीजन में मौसम का मिजाज लगातार बदलता नजर आ रहा है। रविवार को सुबह से आसमान साफ रहने के कारण तेज धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर के समय तापमान करीब 43 डिग्री तक पहुंच गया, जिससे सड़कों और गलियों में सन्नाटा छा गया। वहीं, शाम होते-होते अचानक बादल छा गए, जिससे तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन उमस बढ़ने से लोगों को राहत नहीं मिल सकी। अत्यधिक गर्मी के बीच विद्युत वितरण कंपनी द्वारा की जा रही बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी और



बढ़ा दी। दोपहर के समय बिजली गुल रहने से घरों में लोग गर्मी से बेहाल नजर आए। वैशाख माह के दूसरे पखवाड़े में मौसम के इस बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी देखने को मिल रहा है। उमस और गर्मी के चलते ग्रामीणों को शरीर में पानी की कमी से बचने के लिए नींबू पानी, ग्लूकोज और आम का पना जैसे पेय पदार्थों का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीण शमीम शाह ने बताया कि गर्मी के कारण उल्टी-दस्त जैसी समस्याओं से बचाव के लिए तरल पदार्थों का सेवन बढ़ाना जरूरी हो गया है। वहीं, दोपहिया वाहन चालक भी धूप से बचने के लिए चेहरे पर कपड़ा बांधकर सफर कर रहे हैं। मौसम के बदलते तेवर ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। खेतों में बोई गई ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल पर रोगों का खतरा मंडराने लगा है। किसानों के अनुसार मूंग की फसल के लिए साफ और शुष्क मौसम अनुकूल रहता है, लेकिन उमस और बादलों के कारण फसल में भभूतिया रोग और मारूका इल्ली जैसे कीटों का प्रकोप बढ़ रहा है। इससे बचाव के लिए महंगे कीटनाशकों का छिड़काव करना पड़ रहा है, जिससे लागत बढ़ती जा रही है। किसान भागीरथ भायरे ने बताया कि बार-बार बदलते मौसम के कारण मूंग की फसल प्रभावित हो रही है। रोगों और कीटों के बढ़ते प्रकोप से उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है, जिससे किसानों की चिंता और गहरा गई है।

### जिला जेल में विशेष जेल लोक अदालत का हुआ आयोजन

# प्रकरण निराकरण उपरांत 2 बंदी हुए जेल से रिहा

**अनोखा तीर, हरदा।**

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष अरविंद रघुवंशी की अध्यक्षता में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा द्वारा बंदियों को शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रदान किये जाने के उददेश्य से जिला जेल हरदा में रविवार को विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। ग्वालियर स्थित सेंट्रल जेल में इस विशेष जेल लोक अदालत का शुभारंभ मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। जिला हरदा से इस वर्चुअली शुभारंभ कार्यक्रम में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविंद रघुवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व पीठासीन अधिकारी लवकेश सिंह, जिला रजिस्ट्रार एस.के. भदकारिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ दुबे, सहायक जेल अधीक्षक संतोष हरयाल, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अनीस खान, असिस्टेंट लीगल एड काउंसिल श्रीमती अंतिमा चोलकर, खण्डपीठ के सुलहकर्ता सदस्य आर.सी. सोनी, पैरालीगल वॉलेंटियर्स, जेल एवं जिला प्राधिकरण का स्टॉफ उपस्थित रहा।




**लोधी सम्मेलन**

# साथ दिखेंगे उमा और प्रहलाद

### भोपाल की शौर्य यात्रा से सियासी संदेश की तैयारी

**अनोखा तीर, भोपाल।**

भोपाल के जंबूरी मैदान में 28 अप्रैल को स्वतंत्रता संग्राम के भूले-बिसरे नायकों और जनजातीय वीरों को सम्मान देने के उद्देश्य से बड़े स्तर पर शौर्य यात्रा आयोजित की जाएगी। क्रांतिवीर नर्मदा टाइगर हिरदेशाह लोधी के बलिदान दिवस पर होने वाले इस आयोजन के राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं। इसे लोधी समाज के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है।



**सीएम के साथ उमा-प्रहलाद एक मंच पर** - कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोध क्षत्रिय महासभा मध्यप्रदेश, नर्मदा टाइगर हिरदेशाह शोध संस्था और गोंड महासभा द्वारा किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे, जबकि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल अध्यक्षता करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की मौजूदगी को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं, हालांकि उनका कार्यक्रम अभी अंतिम रूप से तय नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि वह उत्तराखंड प्रवास के बीच भोपाल पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। यदि उमा भारती और प्रहलाद पटेल एक मंच साझा करते हैं तो इसे लोधी समाज में उनके प्रभाव और भाजपा के भीतर नए राजनीतिक संकेतों के तौर पर देखा जा सकता है। उमा भारती हाल के महीनों में फिर से सक्रिय नजर आ रही हैं और 2029 लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा भी जाहिर कर चुकी हैं।

**प्रीतम लोधी प्रकरण के बाद बढ़ी राजनीतिक चर्चा-** इसी बीच पिछोर विधायक प्रीतम लोधी को लेकर भाजपा के नरम रुख ने भी चर्चाओं को हवा दी है। विवादित बयान के बावजूद पार्टी की ओर से सख्त कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात के बाद प्रीतम लोधी ने खेद जताया था। जानकारों का मानना है कि यह आयोजन भाजपा नेतृत्व को लोधी समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी का संदेश देने की कोशिश भी हो सकता है।

### 30 सीटों पर लोधी समाज का प्रभाव

मध्य प्रदेश की करीब 25 विधानसभा सीटों पर लोधी समाज का प्रभाव माना जाता है। खासतौर पर ग्वालियर-चंबल और बुंदेलखंड क्षेत्र की कई सीटों पर यह वोट बैंक चुनावी नतीजों को प्रभावित करता है। शिवपुरी जिले की चार विधानसभा सीटों पर भी समाज की मजबूत पकड़ मानी जाती है। यही वजह है कि राजनीतिक दल, खासकर इस सामाजिक समीकरण को लेकर सतर्क रहते हैं। वहीं, आयोजकों का कहना है कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इतिहास के उन वीरों को सम्मान देना है, जिन्हें पर्याप्त पहचान नहीं मिल सकी। शौर्य यात्रा में हिरदेशाह लोधी, गोंड राजा डेलन शाह, नरवर शाह, मधुकर शाह बुंदेला और गजराज सिंह समेत कई स्वतंत्रता सेनानियों एवं जनजातीय योद्धाओं को याद किया जाएगा। प्रदेशभर के साथ अन्य राज्यों से भी समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है। ऐसे में यह आयोजन ऐतिहासिक विरासत को सम्मान देने के साथ-साथ आगामी राजनीतिक समीकरणों से पहले लोधी समाज की ताकत के प्रदर्शन के तौर पर भी देखा जा रहा है।

## राजधानी भोपाल में 8वीं तक के सभी स्कूल बंद

### इंदौर-ग्वालियर-उज्जैन में भी छुट्टी, 22 जिलों में लू का अलर्ट, 3 दिन बारिश के आसार

अनोखा तीर, भोपाल। मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग में पारा चढ़ा हुआ है, जबकि मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर-उज्जैन के साथ भोपाल, नर्मदापुरम में भी सूरज के तीखे तेवर हैं। शनिवार को 6 शहरों में पारा 44 डिग्री या इससे अधिक पहुंच गया। खजुराहो प्रदेश में सबसे ज्यादा 44.6 डिग्री रहा। रविवार को ग्वालियर समेत 22 जिलों में हीट वेव यानी, लू का अलर्ट है। दूसरी ओर, 27 अप्रैल से 3 दिन तक प्रदेश में गरज-चमक और बारिश होने के आसार है। रविवार को जिन जिलों में लू की चेतावनी है, उनमें ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, रायसेन, नर्मदापुरम, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, धार और अलीराजपुर शामिल हैं। भोपाल, इंदौर-उज्जैन में भी गर्मी का असर बना रहेगा। यहां पारा 41 डिग्री के पार ही रहेगा। वहीं, बढ़ती गर्मी को देखते हुए भोपाल में 8वीं तक के सभी स्कूल 30 अप्रैल तक बंद रहेंगे। इंदौर जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों और 8वीं तक के सभी स्कूलों में 27 से 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। यहां कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7-30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगी। ग्वालियर और उज्जैन के स्कूलों में भी 8वीं कक्षा तक के बच्चों की छुट्?टी घोषित की है। वहीं, भोपाल के कुछ स्कूलों में भी छुट्टी घोषित कर दी गई है।

**खजुराहो सबसे गर्म, ग्वालियर-उज्जैन में 43 डिग्री पहुंचा-** इससे पहले शनिवार को आसमान से जैसे आग बरसी। 6 शहरों में पारा 44 डिग्री या इससे अधिक पहुंच गया। छतरपुर जिले का खजुराहो सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, खजुराहो के बाद रतलाम में पारा 44.5 डिग्री दर्ज किया गया।

### एकता के संदेश के साथ जुटी भीड़; बच्चे फिलिस्तीन झंडे छपी हुई टी-शर्ट में नजर आए

# ईरान के सुप्रीम लीडर के प्रतिनिधि मौलाना इलाही पहुंचे भोपाल

**अनोखा तीर, भोपाल।**

भोपाल शहर में मुस्लिम समाज की एकता और भाईचारे को मजबूत करने के उद्देश्य से कोहेफिजा स्थित एम.आई.जी. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 'इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन जलसा' जारी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग तिरंगा लेकर पहुंचे हैं, जिससे आयोजन स्थल पर एकजुटता का माहौल देखने को मिल रहा है। वहीं कुछ छोटे बच्चे फिलिस्तीन झंडे छपी हुई टी-शर्ट में नजर आए, जिसकी दूसरी तरफ ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई का फोटो लगा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौलाना डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही, जो ईरान के सुप्रीम लीडर के के प्रतिनिधि हैं, भी मौके पर पहुंच चुके हैं। उनके आगमन के साथ ही कार्यक्रम में उत्साह और बढ़ गया है। विभिन्न मसालक के उलेमा एक मंच पर मौजूद हैं और समाज में आपसी मतभेद खत्म कर ÷सिर्फ उम्मत÷ की सोच को मजबूत करने का संदेश दे रहे हैं।




**मानवता और हक के लिए खड़ा होना जरूरी-** इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन जलसे में मप्र कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव शैलेंद्र शैली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अंतरराष्ट्रीय सम्मान वापस लेने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि जिस सम्मान को देने के तुरंत बाद ईरान पर हमला हुआ, वह मानवता पर ÷काला धब्बा÷ है। ऐसे में भारत की गरिमा और नैतिक मूल्यों की रक्षा के लिए उस सम्मान को लौटाया जाना चाहिए। शैली ने अपने संबोधन में ईरान और भारत के ऐतिहासिक संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान को वे ÷पूर्वजों का देश÷ मानते हैं और दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक व ऐतिहासिक रिश्ते रहे हैं। उन्होंने 1994 के संयुक्त राष्ट्र के उस घटनाक्रम का उल्लेख किया, जब पाकिस्तान भारत के खिलाफ प्रस्ताव लाना चाहता था, लेकिन ईरान ने भारत का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि यह इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे भुलाया नहीं जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि ईरान के साथ खड़ा होना मानवता, न्याय और मानवीय मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करना है। उनके मुताबिक, यह फासीवाद और अमेरिकी साम्राज्यवाद के खिलाफ आवाज उठाने का भी प्रतीक है। शैली ने फिलिस्तीन के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि इस समय ईरान के समर्थन का मतलब फिलिस्तीन के साथ एकजुटता दिखाना भी है। अपने संबोधन के अंत में शैली ने लोगों से अपील की कि वे ईरान के समर्थन में एकजुट हों, ताकि आने वाली पीढ़ियां यह न कहें कि जब अन्याय और अत्याचार बढ़ रहा था, तब हम चुप रहे।

# सीहोर में खरीदे प्लॉट, 14 साल बाद भी नहीं हुआ विकास

### प्लॉट मालिकों की भोपाल के न्यू मार्केट में बैठक, बिल्डर पर कार्रवाई की मांग

**अनोखा तीर, भोपाल।** सीहोर जिले के ग्राम चांदी स्थित कॉलोनी में कुछ लोगों ने साल 2012 में प्लॉट खरीदे थे। प्लॉट मालिकों का आरोप है कि ढाल इंफ्राबुल्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड ने 32 सुविधाओं का वादा कर प्लॉट बेचे, लेकिन 14 साल बाद भी विकास कार्य नहीं किए गए। इसी मुद्दे पर रविवार भोपाल में प्लॉट मालिकों की बैठक हुई। प्लॉट मालिकों ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने कॉलोनी डेवलपमेंट के नाम पर प्लॉट खरीदारों से डेवलपमेंट चार्ज वसूला, लेकिन अभी तक जमीन पर कोई विकास कार्य नहीं हुआ और केवल कागजी प्रक्रिया ही पूरी की गई है। बैठक में कॉलोनी के विकास के लिए समिति बनाने और बिल्डर के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई करने पर चर्चा हुई। प्लॉट मालिकों ने बताया कि वे पहले भी बिल्डर के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग और भोपाल व सीहोर कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लंबे समय से कार्रवाई नहीं होने से नाराज प्लॉट मालिकों ने कहा है कि वे 14 साल से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई परिणाम नहीं निकला। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जल्द उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं कंपनी ने कई प्लॉट मालिकों को नोटिस भी भेजा है। नोटिस के अनुसार, ढाल इंफ्राबुल्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार और मानहानिकारक बताया है। कंपनी का कहना है कि उसने 15 सालों के अनुभव के साथ विभिन्न शहरों में कई रियल एस्टेट प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक विकसित किए हैं। कुछ लोग ग्राहकों को फोन और व्हाट्सएप के जरिए गुमराह कर रहे हैं, झूठी जानकारी फैला रहे हैं और कंपनी की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

## उपेक्षा का शिकार हो रहे सुल्तानपुर वेयरहाउस के बाहर बने प्लेटफॉर्म

**अनोखा तीर, मसनगांव।** जिले के सबसे बड़े शासकीय वेयरहाउस सुल्तानपुर में जिम्मेदारों द्वारा ध्यान न दिए जाने से गोदाम के बाहर बने प्लेटफॉर्म उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस वेयरहाउस में बड़े स्तर पर शासकीय खरीदी की जाती है, जिसमें गेहूं, चना, मूंग, सरसों से लेकर सोयाबीन तक की खरीदी की जा चुकी है। यहां बड़े गोदाम बने होने से शासकीय खरीदी की उपज का भंडारण करने में आसानी रहती है, लेकिन व्यवस्थित व्यवस्था के अभाव में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वेयरहाउस के बाहर बने प्लेटफॉर्म की लंबे समय से देखभाल नहीं होने के कारण वे जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं। किसानों का कहना है कि यदि प्लेटफॉर्म के ऊपर टीन शेड बना दिए जाएं तो ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी करने के लिए व्यवस्थित जगह मिल सकती है। वर्तमान में अधिकांश प्लेटफॉर्म खराब हो चुके हैं और उन्हें मरम्मत की आवश्यकता है। सुल्तानपुर में करीब 10 से अधिक गोदाम बने हुए हैं, जहां नौ सोसायटियां खरीदी करती हैं। जिले के अधिकांश किसान अपनी उपज बेचने के लिए यहीं ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पहुंचते हैं, लेकिन उचित व्यवस्था नहीं होने से उन्हें खुले आसमान के नीचे उपज रखनी पड़ती है। हवा, आंधी और बारिश के दौरान किसान तिरपाल ढंककर अपनी उपज को भीगने से बचाते हैं, बावजूद इसके कई बार बेमौसम बारिश से उपज खराब हो चुकी है। यदि शासन द्वारा प्लेटफॉर्म का सुधार कर उन पर टीन शेड बना दिए जाएं, तो किसानों को काफी राहत मिल सकती है और उपज की ढुलाई भी व्यवस्थित तरीके से हो सकेगी। वेयरहाउस कॉरपोरेशन के प्रबंधक नरेंद्र मंडलोई ने बताया कि इस संबंध में शासन को पत्र लिखा जाएगा। अनुमति मिलने पर प्लेटफॉर्म के ऊपर टीन शेड तैयार किए जाएंगे।



## हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# संपादकीय

# बंपर वोटिंग के मायने...

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों के तहत गुरुवार को हुआ मतदान पार्टियों के बीच जीत के लिए जोर-आजमाइश या राजनीतिक खींचतान से ज्यादा डाले गए वोट के फीसद के लिए दर्ज किया जाएगा। निश्चित तौर पर यह उम्मीद की जाती है कि लोकतंत्र के एक पर्व के तौर पर देखे जाने वाले चुनाव और मतदान में ज्यादा से ज्यादा मतदाता हिस्सा लें।

मगर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में अब तक जितने अधिकतम लोगों ने वोट डाले थे, इस बार के चुनाव में वह आंकड़ा पार कर गया। स्वाभाविक ही इसे लोकतंत्र के जीवन और आम जनता के बीच व्यापक जागरूकता फैलने के रूप में देखा जा रहा है। मगर इसके समांतर कुछ अन्य सहायक कारक भी स्पष्ट हैं, जिनकी वजह से पात्र मतदाताओं ने दोनों राज्यों में जम कर वोट डाले। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में इस बार चुनाव के पहले चरण में करीब तिरानबे फीसद लोगों ने मतदान किया, जबकि तमिलनाडु में पचासी फीसद से ज्यादा लोग घर से निकले और उन्होंने वोट डाले।

जाहिर है, इतनी बड़ी संख्या में नागरिकों ने अगर मतदान किया है, तो इसके पीछे मुख्य कारण संवैधानिक अधिकारों के प्रति जनता के बीच फैली व्यापक जागरूकता है और यह देश के लोकतंत्र के लिए एक सुखद संकेत है। हालांकि पश्चिम बंगाल में होने वाले किसी भी चुनाव में मतदान का फीसद सामान्य तौर पर अन्य राज्यों के मुकाबले ज्यादा रहता है, लेकिन इस बार का आंकड़ा अगर इतना ऊंचा गया है, तो इसकी वजह वहां के राजनीतिक माहौल में प्रतिद्वंद्वी दलों के बीच आक्रामक खींचतान से पैदा हुआ उद्वेलन भी



है, जिसने बहुत सारे लोगों को अपना वोट हर हाल में डालने को लेकर जागरूक किया।

तमिलनाडु में भी कमोबेश स्थिति यही रही। दिलचस्प यह है कि इन दोनों राज्यों के चुनावी गणित में अब तक भाजपा का कोई खास प्रभाव नहीं रहा है, लेकिन इस बार के चुनाव प्रचार में योजनाबद्ध तरीके से इसने जिस स्तर का दखल दिया, उसमें यह विपक्षी पार्टियों के विरोध का केंद्र बन गई। इस क्रम में आक्रामक चुनाव प्रचार अभियानों का सीधा असर आम लोगों पर पड़ा, जिन्होंने अपने-अपने पक्ष के लिए मतदान में हिस्सेदारी को अपनी जिम्मेदारी माना।

इसके अलावा, एक बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि निर्वाचन आयोग ने चुनाव के पहले जिस तरह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का अभियान चलाया और अपात्र मतदाताओं के नाम काटने की प्रक्रिया चली, उसमें बड़ी संख्या में लोगों के बीच किसी भी स्थिति में सूची में कायम रहने को लेकर फिक्र पैदा हुई।

यही वजह है कि एसआइआर की प्रक्रिया में मृत या विस्थापित हो चुके और अन्य कारणों से अपात्र माने गए लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के बाद जो बचे रहे, उन्होंने इस बार पहले के मुकाबले वोट डालने को लेकर ज्यादा सजगता दिखाई।

दरअसल, इस सूची में मौजूदगी सुनिश्चित होना और मताधिकार का उपयोग करना भविष्य में नागरिक अधिकारों के सुरक्षित होने को लेकर एक आशंका से भी जुड़ा हो सकता है। इसके बावजूद यह कहा जा सकता है कि मतदान के लिए पात्र माने गए लोगों ने अगर भारी संख्या में घरों से निकल कर अपने मतदान के हक का इस्तेमाल किया, तो यह न केवल जनता के बीच व्यापक जागरूकता का संकेत है, बल्कि देश के लोकतंत्र के मजबूत होते जाने का सूचक भी है।

## पहाड़ से मैदान तक हादसों का बढ़ता खतरा




इसमें दोराय नहीं कि विकास में पिछड़े देश के मैदानी क्षेत्रों से लेकर पहाड़ के दुर्गम इलाकों में भी अब सड़कों का जाल बिछ गया है, जिससे वहां का कठिन जनजीवन काफी हद तक आसान हो गया है। मगर सड़कों के निर्माण के साथ-साथ सुरक्षित सफर का पहलू भी बेहद महत्त्वपूर्ण है। इस मसले पर शासन-प्रशासन के दावों के बावजूद सड़क हादसे कम होने के बजाय बढ़ते जा रहे हैं। उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल जिले के चंबा क्षेत्र में बीते गुरुवार को एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो जाने की घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा में खामियों और जोखिम को उजागर किया है। सवाल है कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन, सड़कों की समुचित देखरेख और निर्माण में कमियों पर गंभीरता से ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है? क्या सिर्फ कागजों में योजनाओं और उपायों का खाका खींचने भर से सड़क दुर्घटनाएं कम हो जाएंगी? इन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करने की जिम्मेदारी किसकी है? गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने हाल में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को सड़क से सफर सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए थे। शीर्ष अदालत का यह कहना बेवजह नहीं था कि जिन खामियों को दुरुस्त किया जा सकता है, अगर उनकी वजह से सड़क हादसों में एक भी जान जाती है, तो यह संबंधित राज्य एवं प्राधिकरण की सुरक्षा जिम्मेदारी में कमी और लापरवाही को दर्शाता है। पहाड़ी राज्यों में तो भौगोलिक जटिलताओं की दृष्टि से सड़क दुर्घटनाओं का जोखिम ज्यादा होता है और ऐसे में वहां हर स्तर पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। मगर शायद ही इस पर कोई विशेष ध्यान दिया जाता है और यही लापरवाही आए दिन पहाड़ी इलाकों में बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। बुनियादी सुरक्षा सावधानियों की कमी, सड़कों पर अतिक्रमण, ज्यादा जोखिम वाली जगहों पर पैराफिट की मजबूत घेराबंदी एवं निगरानी का अभाव खतरे को और ज्यादा बढ़ा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि केंद्र और राज्य सरकारें सड़क सुरक्षा को लेकर मजबूत एवं प्रभावी तंत्र विकसित करे, ताकि मानव जीवन की रक्षा हो सके।

## आज का कार्टून




# महिला आरक्षण पर मध्य प्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र

**प्रधानमंत्री मोदी के विजन को मिशन बना रहे मोहन यादव**

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा लोकसभा में रखे गए तर्क और बयान यह स्पष्ट संकेत देते हैं कि पार्टी महिला आरक्षण जैसे ऐतिहासिक और संवेदनशील विषय पर ठोस, सकारात्मक और प्रतिबद्ध रुख अपनाने में असहज है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के वक्तव्यों में समर्थन की स्पष्टता से अधिक संशय, शर्तें और आपत्तियां प्रमुख रहीं, जिसने उनके वास्तविक इरादों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह परिदृश्य इस धारणा को बल देता है कि कांग्रेस महिलाओं को व्यापक और निर्णायक राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के मुद्दे पर अभी भी द्वंद्व की स्थिति में है। मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस का यही चेहरा सामने आता है। यहां के नेताओं के बयान और राजनीतिक व्यवहार यह दर्शाते हैं कि महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने के बजाय उसे सीमित दायरे में ही रखा गया। वास्तविकता यह है कि प्रदेश कांग्रेस ने वर्षों तक महिला नेताओं को उभरने और निर्णायक भूमिका निभाने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया। ऐसे में, जब देश महिला भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में अग्रसर है, कांग्रेस का यह असंगत और नकारात्मक रुख न केवल उसकी राजनीतिक सोच को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि पार्टी अब भी महिला नेतृत्व को लेकर पूर्ण आत्मविश्वास नहीं जुटा पाई है।

पवन वर्मा

भारत में महिलाओं को राजनीति में उनका वास्तविक हक दिलाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से ऐतिहासिक पहल की नींव 2023 में रखी थी, हाल ही में संविधान संशोधन बिल पारित नहीं होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि वे महिलाओं को हर हाल में आरक्षण दिलाकर रहेंगे। प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कदम से कदम मिलाकर उनके साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस संकल्प को पूरा करने के लिए मोहन यादव हर स्तर पर संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने भरी गर्मी और तेज-तीखी धूप में सड़क पर महिलाओं के आरक्षण की आवाज बुलंद की। अब मध्य प्रदेश की विधानसभा का विशेष सत्र आहूत कर वे महिलाओं के हक की आवाज लोकतंत्र के मंदिर में भी पुरजोर तरीके से उठाने की तैयारी में हैं। इधर कांग्रेस दिल्ली से लेकर भोपाल तक महिला आरक्षण को लेकर नकारात्मक रुख अपनाए हुए है।

### महिलाओं के अधिकार की लड़ाई को जनांदोलन बनाने की कोशिश

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि महिला आरक्षण केवल एक विधेयक या संवैधानिक प्रावधान नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय का प्रश्न है। इसी सोच के साथ उन्होंने इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाने का फैसला किया है। वे इस विषय को लेकर हर स्तर पर सक्रिय हैं। प्रदर्शन, रैलियां और मार्च के माध्यम से उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की है कि महिलाओं को उनका राजनीतिक हक दिलाना अब केवल सरकारी एजेंडा नहीं, बल्कि एक व्यापक जन आंदोलन है।

### कांग्रेस का नकारात्मक रूप

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा लोकसभा में रखे गए तर्क और बयान यह स्पष्ट संकेत देते हैं कि पार्टी महिला आरक्षण जैसे ऐतिहासिक और संवेदनशील विषय पर ठोस, सकारात्मक और प्रतिबद्ध रुख अपनाने में असहज है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के वक्तव्यों में समर्थन की स्पष्टता से अधिक संशय, शर्तें और आपत्तियां प्रमुख रहीं, जिसने उनके वास्तविक इरादों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह परिदृश्य इस धारणा को बल देता है कि कांग्रेस महिलाओं को व्यापक और निर्णायक राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के मुद्दे पर अभी भी द्वंद्व की स्थिति में है। मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस का यही चेहरा सामने आता है। यहां के नेताओं के बयान और राजनीतिक व्यवहार यह दर्शाते हैं कि महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने के बजाय उसे सीमित दायरे में ही रखा गया। वास्तविकता यह है कि प्रदेश कांग्रेस ने वर्षों



तक महिला नेताओं को उभरने और निर्णायक भूमिका निभाने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया। ऐसे में, जब देश महिला भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में अग्रसर है, कांग्रेस का यह असंगत और नकारात्मक रुख न केवल उसकी राजनीतिक सोच को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि पार्टी अब भी महिला नेतृत्व को लेकर पूर्ण आत्मविश्वास नहीं जुटा पाई है।

### विशेष सत्र : 27 अप्रैल को बड़ा राजनीतिक संदेश

मध्य प्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 27 अप्रैल को बुलाया गया है। यह सत्र अपने आप में यह साबित करता है कि राज्य सरकार इस मुद्दे को लेकर कितनी गंभीर है। इस विशेष सत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव यह बताना चाहते हैं कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की दिशा में मध्य प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस दिशा में यह सत्र न केवल समर्थन का मंच बनेगा, बल्कि महिला आरक्षण को लेकर राज्य की प्रतिबद्धता को औपचारिक रूप से सामने लाने का अवसर भी होगा। सदन में इस मुद्दे पर व्यापक और विस्तार पूर्वक चर्चा होगी। जिसमें पक्ष-विपक्ष के सदस्य अपनी-अपनी राय रखेंगे। यह राय विधानसभा के इतिहास में दर्ज होगी। साथ ही यह भी इतिहास बनेगा कि महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विशेष सत्र आहूत करवाया और खुले मन से इस विषय पर पक्ष और विपक्ष के सदस्यों को बोलने का अवसर प्रदान किया।

### सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव

इस विशेष सत्र के जरिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यह बता रहे हैं कि महिला आरक्षण का प्रभाव केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा। इसका असर समाज के हर क्षेत्र पर पड़ेगा शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव इस व्यापक प्रभाव को समझते हैं और इसी कारण वे इस मुद्दे को लेकर इतने सक्रिय हैं। उनका मानना है कि जब महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल होंगी, तो समाज अधिक संतुलित और न्यायपूर्ण बनेगा। यही संदेश वे इस विशेष सत्र के जरिए प्रदेश भर की जनता को भी देना चाहते हैं।

### मोदी का विजन, मोहन यादव का मिशन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन भी महिला आरक्षण को लेकर स्पष्ट है कि वे लोकसभा, विधानसभा में महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भूमिका चाहते हैं। इस विजन को पूरा करने के लिए मोहन यादव प्रदेश में एक मिशन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अभी विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किया गया है। इसके बाद वे नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, जिला पंचायत, जनपद पंचायतों तक इस विषय को लेकर जाने वाले हैं। यानि हर स्तर पर वे महिला आरक्षण दिए जाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को सार्थक करने के मिशन में जुटे हुए हैं। मध्य प्रदेश इस मुद्दे पर एक उदाहरण प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहा है। विशेष सत्र बुलाना, सड़क पर आंदोलन करना और लगातार इस विषय को उठाना। ये सभी कदम यह दिखाते हैं कि डॉ. मोहन यादव की सरकार इस मुद्दे को लेकर कितनी प्रतिबद्ध है। यह पहल अन्य राज्यों के लिए भी एक संदेश है कि वे भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### 2029 की चुनौती और संकल्प की दृढ़ता

नारी शक्ति वंदन अधिनियम 106 वां संविधान संशोधन लोकसभा में पारित नहीं हो पाने के कारण यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि 2029 के लोकसभा चुनाव तक महिलाओं को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलना मुश्किल हो सकता है, लेकिन इस चुनौती के बीच मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपना रुख पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है। वे महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए संकल्पित हैं और किसी भी स्थिति में इस लक्ष्य से पीछे हटने वाले नहीं हैं। वे इस विषय को मध्य प्रदेश में भी लगातार जीवित और जीवंत रखना चाहते हैं, ताकि यह राष्ट्रीय स्तर पर भी प्राथमिकता बना रहे।

### संकल्प से सिद्धि की ओर

नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन इसे वास्तविकता में बदलने के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिशा में रास्ता दिखाया है, और मुख्यमंत्री मोहन यादव उस रास्ते पर पूरी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वे महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर डॉ. यादव ने जो संकल्प और सक्रियता दिखाई जा रही है, वह भारतीय राजनीति में एक बड़े बदलाव का संकेत है।

वास्तव में, मजदूर का पसीना वह तरल सोना है जिससे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की चमक बरकरार रहती है, परंतु यह एक कटु विडंबना है कि जिस हाथ ने पूरी दुनिया के लिए महलों की नींव रखी, वह स्वयं अक्सर एक अदद छत और बुनियादी सुविधाओं के लिए ताउम्र संघर्ष करता रह जाता है। श्रम की इस दास्तान में केवल शारीरिक थकान ही नहीं, बल्कि वह अदम्य मानवीय जिजीविषा और मानसिक दृढ़ता भी शामिल है जो घोर अभावों के बीच भी सृजन का साहस बनाए रखती है। मशीनीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में भी मानवीय श्रम का कोई विकल्प नहीं हो सकता, क्योंकि मशीनें कार्य तो कुशलता से कर सकती हैं, लेकिन उनमें वह संवेदना, भावना और समर्पण नहीं हो सकता जो एक श्रमिक अपने काम के हर कतरे में पिरोता है। यह दिवस हमें उस ऐतिहासिक संघर्ष की भी स्मृति दिलाता है जब श्रमिकों ने अपने मानवाधिकारों और गरिमापूर्ण जीवन के लिए आवाज बुलंद की थी, यह स्थापित करते हुए कि वे कोई निर्जीव पुर्जे नहीं बल्कि समाज की एक जीवंत और गौरवशाली इकाई हैं। आज का यह विशेष संदर्भ हमें मजबूर करता है कि हम विकास की परिभाषा को केवल जीडीपी के निर्जीव आंकड़ों में न मापें, बल्कि उस अंतिम व्यक्ति के जीवन स्तर में आए सुधार से आंकें जिसकी मेहनत ने उन आंकड़ों को जन्म दिया है।

# सभ्यता के वास्तविक शिल्पकार और श्रम की अंतहीन गाथा



– डॉ. मुश्ताक़ अहमद शाह सहज़

मजदूर दिवस केवल एक तिथि विशेष का उत्सव या कैलेंडर का कोई लाल पन्ना मात्र नहीं है, बल्कि यह उस आदिम संघर्ष और आधुनिक संकल्प का पावन संगम है जिसने मानव इतिहास के हर कालखंड में शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। जब हम सभ्यता के विकास क्रम पर दृष्टि डालते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि ऊंची अट्टालिकाओं के कंगूरों से लेकर समुद्र का सीना चीरकर बनाए गए विशाल सेतुओं तक, हर निर्माण की आत्मा में किसी श्रमिक का मौन बलिदान और उसकी मांसपेशियों का खिंचाव समाहित है। एक मजदूर का परिश्रम केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि वह पवित्र यज्ञ है जिसमें वह अपने जीवन की ऊर्जा को झोंककर समाज के लिए सुख-सुविधाओं का सृजन करता है। समाज अक्सर तैयार ढांचे की बाहरी सुंदरता और तकनीकी छलांग पर तो मोहित हो जाता है, लेकिन उस मटमैले चेहरे और धूल से सने व्यक्तित्व को विस्मृत कर देता है जिसने उस ढांचे को खड़ा करने के लिए कड़कती धूप की जलन और शारीरिक कष्टों को अपनी नियति मानकर स्वीकार किया है।

वास्तव में, मजदूर का पसीना वह तरल सोना है जिससे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की चमक बरकरार रहती है, परंतु यह एक कटु विडंबना है कि जिस हाथ ने पूरी दुनिया के लिए महलों की नींव रखी, वह स्वयं अक्सर एक अदद छत और बुनियादी सुविधाओं के लिए ताउम्र संघर्ष करता रह जाता है। श्रम की इस दास्तान में केवल शारीरिक थकान ही नहीं, बल्कि वह अदम्य मानवीय जिजीविषा और मानसिक दृढ़ता भी शामिल है जो घोर अभावों के बीच भी सृजन का साहस बनाए रखती है। मशीनीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में भी मानवीय श्रम का कोई विकल्प नहीं हो सकता, क्योंकि मशीनें कार्य तो कुशलता से कर सकती हैं, लेकिन उनमें वह संवेदना, भावना और समर्पण नहीं हो सकता जो एक श्रमिक अपने काम के हर कतरे में पिरोता है। यह दिवस हमें उस ऐतिहासिक संघर्ष की भी स्मृति दिलाता है जब श्रमिकों ने अपने मानवाधिकारों और गरिमापूर्ण जीवन के लिए आवाज बुलंद की थी, यह स्थापित करते हुए कि वे कोई निर्जीव पुर्जे नहीं बल्कि समाज की एक जीवंत और गौरवशाली इकाई हैं।

आज का यह विशेष संदर्भ हमें मजबूर करता है कि हम विकास की परिभाषा को केवल जीडीपी के निर्जीव आंकड़ों में न मापें, बल्कि उस अंतिम व्यक्ति के जीवन स्तर में आए सुधार से आंकें जिसकी मेहनत ने उन आंकड़ों को जन्म दिया है। समाज का यह नैतिक उत्तरदायित्व है कि वह श्रम को केवल मजदूरी के संकुचित तराजू में न तौले, बल्कि उसे सम्मान के ऊंचे सिंहासन पर बिठाए, क्योंकि जब तक पसीने की बूंदों का मूल्य केवल रुपयों में आंका जाएगा, तब तक सामाजिक न्याय की अवधारणा अधूरी ही रहेगी। हमें एक ऐसे संवेदनशील तंत्र और वातावरण का निर्माण करना होगा जहां राष्ट्र के इन निर्माताओं को अपनी सुरक्षा, स्वास्थ्य और अपने बच्चों के भविष्य के लिए याचना न करनी पड़े, बल्कि सत्ता और समाज स्वयं आगे बढ़कर उनकी उंगलियों के पोरों में दबी हुई सभ्यता की कहानियों को सहेजने का प्रयास करें।

यह संपादकीय उन करोड़ों अज्ञात नायकों को समर्पित है जो इतिहास की किताबों के मुख्य पृष्ठों पर तो दर्ज नहीं होते, लेकिन जिनके बिना इतिहास का एक भी पन्ना लिखा जाना संभव नहीं है। अतः आज का यह दिन केवल औपचारिक अभिवादन या प्रशंसा का नहीं है, बल्कि यह समाज और सत्ता के विवेक को झकझोरने का क्षण है, ताकि हम निर्माण की प्रक्रिया में लगे इन हाथों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके अधिकारों की रक्षा का सामूहिक संकल्प ले सकें। आने वाली पीढ़ियां यह जान सकें कि यह चमकती हुई आधुनिक दुनिया किसी चमत्कार का परिणाम नहीं, बल्कि एक मजदूर के अडिग परिश्रम, उसके छालों की मूक दास्तान और उसके अमूल्य पसीने की स्याही से लिखी गई एक अमर गाथा है।

# मेनगांव थाना : 'सिविल मामला' बताकर पुलिस ने झाड़ा पल्ला

● चेक बाउंस का खेल, फिर भी नहीं दर्ज हुआ केस! ● न्याय की उम्मीद में दर-दर भटक रहा पीड़ित






**अनोखा तीर, खरगोन।** जिले के मेनगांव थाना क्षेत्र में सामने आया एक विवाद अब गंभीर सवाल खड़े कर रहा है, जहां आर्थिक लेन- देन और कृषि साझेदारी का मामला पुलिस कार्रवाई के अभाव में उलझता जा रहा है। शिकायतकर्ता मोहसीन खान ने आरोप लगाया कि आरोपी मोईन द्वारा उनसे 2 लाख 50 हजार रुपये लिए गए, लेकिन रकम लौटाने के बजाय फर्जी चेक थमा दिए गए और अब पैसे देने से साफ इनकार किया जा रहा है। इतना ही नहीं, आवेदक का यह भी आरोप है कि संबंधित थाने में शिकायत देने के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की गई, जिससे उसे लगातार मानसिक और आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। दूसरी ओर जांच में सामने आए तथ्यों ने इस पूरे मामले को और पेचीदा बना दिया है। दोनों पक्षों के बीच कृषि भूमि को लेकर साझेदारी का एक पुराना समझौता सामने आया है, जिसमें खेत को निश्चित राशि पर 'कड़ती' (पट्टे) पर देने और फसल के उत्पादन को लेकर आपसी लेन-देन हुआ था। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने खेत में निवेश कर फसल बोई, लेकिन आरोपी ने फसल बेचकर पैसे खुद रख लिए। वहीं आरोपी पक्ष का दावा है कि फसल का बंटवारा बराबरी से हुआ और जो भी राशि ली गई थी, उसका हिसाब चुकता कर दिया गया है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि फसल उत्पादन, बिक्री और भुगतान को लेकर दोनों पक्षों के अलग-अलग दावे हैं, जिससे मामला आपसी हिसाब-किताब और भरोसे के टूटने तक सीमित दिखाई देता है। गवाहों के बयानों में भी विरोधाभास सामने आया है, जिससे स्पष्ट आपराधिक कृत्य स्थापित नहीं हो सका। इसी आधार पर एडीपीओ द्वारा अभिमत दिया गया कि यह मामला आपराधिक न होकर सिविल प्रकृति का है, जिसमें पैसों की वसूली और आपसी अनुबंध का विवाद शामिल है। पुलिस जांच में किसी संज्ञेय अपराध के प्रमाण नहीं मिलने पर शिकायत को फोर्स क्लोज करने का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

### पहली नजर में क्लीन-जांच से पहले ही आरोपी को बचा रही पुलिस

पुलिस की कार्रवाई इस मामले में कई सवाल खड़े करती है। शिकायतकर्ता द्वारा स्पष्ट रूप से आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने शुरुआत से ही धोखा देने की नीयत से पैसे लिए, फर्जी चेक दिए और बाद में रकम लौटाने से साफ इनकार कर दिया। कानून के अनुसार धारा 420 (धोखाधड़ी) तभी बनती है जब प्रारंभ से ही धोखा देने की मंशा हो, पैसे छलपूर्वक लिए गए हों और पीड़ित को जानबूझकर गुमराह किया गया हो। ऐसे में यह जांच का विषय था कि आरोपी ने चेक देते समय उसकी वैधता को लेकर क्या स्थिति थी और क्या वास्तव में शुरुआत से ही ठगी की योजना थी। इसके बावजूद पुलिस ने केवल 'पहली नजर' में इसे सिविल विवाद मानते हुए मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया, जो जांच की गंभीरता पर सवाल खड़ा करता है। बिना विस्तृत और निष्पक्ष जांच के किसी प्रकरण को सिविल बताकर बंद कर देना पीड़ित को न्याय से वंचित करना है। यदि आरोपी ने जानबूझकर फर्जी चेक देकर पैसे हड़पे हैं, तो यह महज लेन-देन नहीं बल्कि आपराधिक कृत्य है। ऐसे मामलों में पुलिस की जिम्मेदारी थी कि एफआईआर दर्ज कर तथ्यों की गहराई से जांच करती, न कि प्रारंभिक स्तर पर ही मामले को खारिज कर देती।

## सार-समाचार

### दामखेड़ा नागराज मंदिर में 7 वर्ष पूर्ण

**विशेष श्रृंगार, आरती और केक काटकर मनाया उत्सव**



**अनोखा तीर, खरगोन।** नगर से लगभग खंडवा रोड पर 30 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम गढ़ी के दामखेड़ा नागराज मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के सात वर्ष पूर्ण होने पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर का विशेष श्रृंगार किया गया और आकर्षक सजावट के बीच श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे वातावरण में भक्ति की भावना देखने को मिली। आरती के पश्चात प्रसादी का भोग लगाया गया, जिसे भक्तों ने श्रद्धा भाव से ग्रहण किया। मंदिर समिति के अनुसार स्थापना के बाद से ही यहां नियमित रूप से भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और विभिन्न धार्मिक आयोजन होते आ रहे हैं, जिससे गांव में आध्यात्मिक माहौल बना रहता है। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए श्रद्धालुओं ने केक काटकर उत्सव मनाया। भक्तों ने नागराज मंदिर में दर्शन कर पुनः लाभ प्राप्त किया और इस पावन अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

### सनावद में आज गूंजेंगे खाटू श्याम के भजन

**इत्र और पुष्प वर्षा से महकेगा श्री कृष्ण बालाजी नगर**

**अनोखा तीर, खंडवा।** सुदर्शन मिल चौराहा स्थित बालाजी ग्रुप की नवीन कॉलोनी श्री कृष्ण बालाजी नगर आज पूरी तरह बाबा श्याम के रंग में रंगी नजर आएगी। आज सोमवार (एकादशी) को एक विशाल भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है, जिसकी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।



**दिव्य श्रृंगार और छप्पन भोग होंगे आकर्षण :** आज की शाम बाबा खाटू श्याम का दरबार अलौकिक रूप में सजाया जाएगा। आयोजन को भव्य बनाने के लिए विशेष रूप से छप्पन भोग, इत्र वर्षा और पुष्प वर्षा की व्यवस्था की गई है। साथ ही राधे-कृष्ण की सजीव झाँकियाँ श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी, जो भक्तिमय वातावरण में चार चाँद लगा देगी।

**सुरों के संगम से सजेगी महफिल :** शाम को आयोजित होने वाली इस भजन संध्या में सुरों की महफिल सजेगी, जिसमें जबलपुर की सुप्रसिद्ध भजन गायिका पूनम त्रिपाठी अपनी सुरीली आवाज से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगी। इंदौर के ख्याति प्राप्त कलाकार अंकित गुरुजी और साथ में सौरभ लाडला बाबा के दरबार में अपनी हाजिरी लगाएंगे। खंडवा के ज्ञानी साउंड की गूंज इस धार्मिक आयोजन को और भी प्रभावशाली बनाएगी।

**समाजसेवियों और गणमान्य जनों का होगा सम्मान :** बालाजी ग्रुप के संस्थापक और वरिष्ठ समाजसेवी रितेश गोयल ने बताया कि यह आयोजन केवल एक कॉलोनी का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की आस्था का प्रतीक है। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से मांग थी कि यहाँ एक बड़ा धार्मिक समागम हो। इसी कड़ी में आज भजन संध्या के साथ-साथ शहर के गणमान्य नागरिकों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा, ताकि समाज में सेवा का भाव और मेल-मिलाप बढ़ सके।

**भक्तों से पधारने की अपील :** बालाजी ग्रुप ने सनावद सहित आसपास के क्षेत्रों से आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। बाबा के भजनों का आनंद लेने के लिए लोगों का जुटना शुरू हो गया है। बालाजी ग्रुप ने सभी धर्मप्रेमी जनता को सपरिवार इस पुण्य लाभ को प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया है। कार्यक्रम में भक्तों को प्रसादी वितरण भी किया जाएगा।

कार्यक्रम का समय आज शाम आठ बजे से देर रात तक रहेगा। जबकि स्थान श्री कृष्ण बालाजी नगर, सुदर्शन मिल चौराहा, ओंकारेश्वर रोड, सनावद होगा।



## खंडवा जिले में प्रत्येक बूथ पर सुना गया मन की बात कार्यक्रम

**अनोखा तीर, खंडवा।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 133 में संस्करण को देशवासियों ने सुना। डॉ. मोहन यादव ने रविवार को भोपाल के चायलीला लेक व्यू, करबला मैदान, साजिदा नगर, खानूगांव, कोहेफिजा में एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल जिले की बैतूल विधानसभा के गंज मंडल के बूथ क्र. 108, भगत सिंह वार्ड सदर में हरीश गडेकर के मकान में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण किया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा जिले में भी प्रत्येक बूथ पर मन की बात को कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर एवं खंडवा विधायक कंचन मुकेश तंनवे, महिला मोर्चे की प्रदेश मंत्री चारुलता यादव ने लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में बूथ क्रमांक 311 पर पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया। पार्टी कार्यालय पर भी मन की बात कार्यक्रम को पार्टी कोषाध्यक्ष गणेश गुरबाणी, कार्यालय मंत्री भारत पटेल एवं प्रवक्ता सुनील जैन के साथ कार्यकर्ताओं ने सुना। मन की बात सुनने के बाद जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला एक सशक्त संवाद मंच है। प्रधानमंत्री जी ने 'मन की बात' को देशवासियों के मन में बैठा दिया है। भाजपा सबका साथ सबके विश्वास के साथ विकास कर रही है। कांग्रेस पार्टी महिलाओं और किसानों के साथ हमेशा से अन्याय करती आ रही है। खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विज्ञान, तकनीक और नवाचार से भारत नई ऊंचाईयों पर पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' कार्यक्रम हर समाज वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। प्रधानमंत्री जी ने युवाओं और महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनने की जो बात कही है, उससे लोगों का जीवन भी बेहतर होगा और देश भी आत्मनिर्भर बनेगा। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि लालबहादुर शास्त्री वार्ड के बूथ क्रमांक 311 पर भाजपा के सक्रिय सदस्य जितेंद्र सिंह सावनेर के निवास पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 133 वें संस्करण को सुना गया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' - किशोर दा के गीत ने फिर दिल छुआ, फैन की आखिरी इच्छा बनी मिसाल

● **मंदसौर निवासी किशोर प्रेमी भरत भाई खरबंदा का अंतिम संस्कार खंडवा में हुआ, अस्थि विसर्जन ओंकारेश्वर में**



**अनोखा तीर, खंडवा।** 'जिंदगी एक सफर है सुहाना, यहां कल क्या हो किसने जाना'- किशोर कुमार का यह अमर गीत एक बार फिर सजीव हो उठा, जब उनके एक दीवाने प्रशंसक की अंतिम इच्छा ने पूरे संगीत एवं किशोर प्रेमियों को भावुक कर दिया। किशोर प्रेरणानंद के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि लहसुन के व्यापारी किशोर प्रेमी मंदसौर निवासी स्वर्गीय भरत भाई खंरबदा ने जीवन भर किशोर दा के गीतों को अपनी जिंदगी का हिस्सा माना। खासकर 1971 में आई फिल्म अंदाज का यह गीत, जो जीवन की अनिश्चितता और सफर को दर्शाता है, उनके दिल के बेहद करीब था। यह गीत उस दौर में इतना लोकप्रिय हुआ कि सालाना संगीत सूची में भी शीर्ष पर रहा। भरत भाई अक्सर अपने करीबियों से कहा करते थे कि 'जिंदगी एक सफर है...' सिर्फ गीत नहीं, बल्कि जीने का तरीका है। शायद यही वजह रही कि उन्होंने अपनी अंतिम इच्छा में भी इस सफर को किशोर दा की यादों से जोड़ दिया। सुनील जैन ने बताया कि उनकी इच्छा थी कि मरणोपरांत मेरा अंतिम संस्कार खंडवा किशोर दा की जन्मभूमि एवं उनकी समाधि के समाधि के समीप हो। उनके निधन के बाद जब परिजन उनकी अंतिम इच्छा पूरी करने खंडवा पहुंचे, तो मुक्तिधाम में माहौल बेहद भावुक हो गया। हर कोई यही महसूस कर रहा था कि एक सच्चे फैन ने अपने प्रिय गायक के गीत को जीवन से मृत्यु तक जीकर दिखाया।

संगीत प्रेमियों का कहना है कि किशोर कुमार के गीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन दर्शन भी देते हैं। यही कारण है कि दशकों बाद भी उनके गाने हर पीढ़ी के दिल में बसे हुए हैं। यह घटना सिर्फ एक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि उस संगीत की ताकत का प्रमाण है, जो इंसान को जीवनभर और उसके बाद भी जोड़कर रखती है। और अंत में वही पंक्ति गूंजती रही-जिंदगी एक सफर है सुहाना...। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि स्वर्गीय भरत भाई खंरबदा जी मंदसौर ने अंतिम इच्छा जाहिर की थी कि मरने के बाद अंतिम संस्कार किशोर कुमार स्मारक खंडवा मुक्तिधाम परिसर में हो, 16 अप्रैल को गंभीर बीमारी के चलते अरविंदो अस्पताल इंदौर मध्यप्रदेश में देहान्त हो गया। अंतिम यात्रा मंदसौर की जगह आपकी अंतिम इच्छा को देखते हुए खंडवा मुक्तिधाम लाई गई, जिसमें मुंबई की मुंह बोली बहन नेहा बामने, मित्र योगेश सोनी, नरेश बलवानी, अशोक पारवानी, केवलराम तेजवानी, सतीश भंबोरै परतवाड़ा उपस्थित रहे। अंतिम क्रिया पं. गोपाल दास भारद्वाज द्वारा सम्पन्न कराई गई। मुखाग्नि योगेश सोनी ने दी। किशोर प्रेमी सुनील जैन ने बताया कि 26 अप्रैल को नरेश बलवानी, योगेश सोनी, सतीश अंभोरे परतवाडा, धरम पठारिया सीहोर एवं किशोर भक्त परिवार खंडवा के तत्वाधान मे स्वर्गीय खरबंदा जी की अस्थियों को तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर में मां नर्मदा में विसर्जित किया गया। इस अवसर पर किशोर प्रेमी सतीश अंभोरे परतवाड़ा एवं योगेश बोरसे ने स्वर्गीय खरबंदा के लिए बाल मुंडन भी किये। किशोर दा से जुड़ी सभी संस्थाओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 21 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

**अनोखा तीर, बड़वाह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133 वें प्रसारण के माध्यम से रविवार को देशवासियों से संवाद किया। इस कार्यक्रम में उन्होंने संघर्ष, सफलता की कहानियों और सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम नगर के 21 बूथों पर आयोजित हुआ। जहां भाजपा नगर मंडल पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इसी तरह बूथ क्रमांक 64 पर पूर्व मंडल महामंत्री रवि ऐरन के निवास पर बूथ अध्यक्ष सोनम विश्वकर्मा के सानिध्य में कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित किया। इस एपिसोड में पीएम मोदी ने सौर और पवन ऊर्जा के माध्यम से भारत की प्रगति और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया, साथ ही उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के लिए युवाओं और महिलाओं की भूमिका की सराहना की। वन्य जीव संरक्षण, युवा प्रतिभा, भारतीय चीज की वैश्विक पहचान और भगवान बुद्ध के विचारों पर प्रकाश डाला। इस दौरान मंडल महामंत्री महेंद्र अमई, पार्षद रजनी भंडारी, संध्या जायसवाल, राजू राठौड़, आशीष अग्रवाल, मिक्की चौहान सहित समस्त बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।






## खरगोन पुलिस की मुस्तैदी : 5 दिन में 23 लाख की चोरी का खुलासा

● साइबर सेल और सीसीटीवी की मदद से बड़ी वारदात का खुलासा
● व्यापारी संघ ने किया पुलिस का सम्मान, 51 हजार इनाम की घोषणा

**अनोखा तीर, खरगोन।** खरगोन पुलिस ने अनाज व्यापारी से हुई लाखों रुपये की चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। थाना कोतवाली क्षेत्र में हुई इस घटना में पुलिस ने चोरी गई पूरी नगदी 23 लाख 30 हजार रुपये के साथ फरियादी की चार बैंक चेक बुक भी बरामद कर ली है। हालांकि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने इनाम की घोषणा की है। घटना 21 अप्रैल 2026 की है, जब मुनीम ताहिर बैंक से 27 लाख रुपये निकालकर लौट रहा था। रास्ते में दाता हनुमान मंदिर गली में चाय पीने के दौरान कार अनलॉक छोड़ देने का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने 23.30 लाख रुपये से भरा बैग चोरी कर लिया। मामले की सूचना मिलते ही थाना कोतवाली में अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई, जिसमें 5 थानों, सीसीटीवी कंट्रोल रूम और साइबर सेल को शामिल किया गया। टीम ने खरगोन, धार, इंदौर, देवास, शाजापुर और राजगढ़ सहित 6 जिलों के 250 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच में सामने आया कि दो संदिग्ध आरोपी मोटरसाइकिल से मुनीम का पीछा कर रहे थे और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दिया।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान राजगढ़ जिले के कड़िया सांसी गिरोह के रूप में हुई। पुलिस टीम ने थाना बोंडा क्षेत्र में 5 दिनों तक सर्चिंग अभियान चलाकर संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर जंगल में रुपये बांटने पहुंचे आरोपियों को घेरने का प्रयास किया गया, लेकिन वे दुर्गम रास्तों का फायदा उठाकर फरार हो गए। हालांकि मौके से पुलिस ने चोरी की पूरी नगदी, बैंक ऑफ बड़ौदा की 4 चेक बुक और बैग बरामद कर लिया। इस बड़ी सफलता पर व्यापारी एसोसिएशन ने पुलिस का सम्मान करते हुए 51 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है।



## सेवा दल ने किया ध्वज वंदन, निकाली प्रभातफेरी

**अनोखा तीर, माखननगर।** ब्लॉक एवं नगर सेवादल ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गायत्री मंदिर से पंडित माखनलाल चतुर्वेदी प्रतिमा स्थल तक रघुपति राघव राजा राम गाते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई की। दादा की प्रतिमा पर सूत की माला पहनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत में ध्वजारोहण किया गया, राष्ट्रगान गाया एवं ध्वज को सलामी दी गई। ध्वज वंदन कार्यक्रम में सेवादल विग्रेड अध्यक्ष गजानंद तिवारी, जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता, पूर्व प्रदेश संगठक कुलदीप मिश्रा, पूर्व मप्र कांग्रेस सचिव यशवंत सिंह राजपूत, ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष सुबोध दुबे, नगर अध्यक्ष कार्तिकेय वर्मा, उपाध्यक्ष गौरीशंकर यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत यादव मोनू नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश बडगुजर सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

# वैवाहिक समारोह में हत्या और पुलिस पर हमला करने वाला आदतन अपराधी गिरफ्तार

- नाहरकोला में विवाह कार्यक्रम के दौरान हुआ था खूनी हमला
- फरारी के दौरान आरक्षक पर चाकू से किया वार, गंजाल नदी किनारे जंगल से दबोचा गया आरोपी



**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**

शिवपुर पुलिस ने वैवाहिक समारोह में हत्या, कई लोगों पर जानलेवा हमला और पुलिसकर्मी पर चाकू से वार करने वाले 20 हजार रुपए के इनामी आदतन अपराधी लोकेश कीर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी को पुलिस टीम ने गंजाल नदी किनारे कोलगांव के जंगलों से घेराबंदी कर पकड़ा। उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया धारदार हथियार चाकू भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में प्रस्तुत किया जा रहा है।

- **19 अप्रैल को विवाह समारोह में हुआ था खूनी संघर्ष–** पुलिस के अनुसार 19 अप्रैल 2026 को थाना शिवपुर अंतर्गत ग्राम नाहरकोला निवासी सीताराम कीर के यहां विवाह कार्यक्रम आयोजित था। समारोह में शामिल होने आए जयनारायण कीर एवं अन्य लोगों का गांव के ही अमर सिंह कीर और उसके बेटे लोकेश कीर से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी अमर सिंह कीर ने डंडे से हमला किया, जबकि उसका बेटा लोकेश कीर धारदार हथियार चाकू लेकर दौलतराम कीर, जयनारायण कीर, हरीनारायण कीर और क्षमा बाई कीर पर टूट पड़ा। हमले में चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए शासकीय चिकित्सालय सिवनी मालवा ले जाया गया, जहां गंभीर चोटों के कारण दौलतराम कीर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के आधार पर थाना शिवपुर में अपराध क्रमांक 102/2026 धारा 296 (06), 118(1), 100(1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।
- **पुलिस टीम पर भी किया हमला–** घटना के बाद जब पुलिस टीम आरोपियों को पकड़ने पहुंची तो फरार आरोपी लोकेश कीर ने शिवपुर थाने में पदस्थ आरक्षक ओमप्रकाश जाट पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। घायल आरक्षक को तत्काल उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय सिवनी मालवा भेजा गया। इस मामले में थाना शिवपुर में आरोपी लोकेश कीर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 103/2026 धारा 109 (1), 132, 121 बीएनएस के तहत एक और मामला दर्ज किया गया।
- **गंभीरता को देखते हुए बनी अलग–अलग टीमें–** घटना की गंभीर प्रकृति को देखते हुए थाना प्रभारी शिवपुर ने तत्काल पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम श्री साई कृष्णा को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की। फरार आरोपी लोकेश कीर की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 20 हजार रुपए के इनाम की घोषणा भी की गई।
- **वैज्ञानिक पद्धति और मुखबिर सूचना से मिली सफलता–** पुलिस टीमों ने आरोपी की तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी। तकनीकी साक्ष्य, वैज्ञानिक पद्धति और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कोलगांव क्षेत्र के जंगलों में छिपा हुआ है। इसके बाद 25 अप्रैल 2026 की रात लगभग 10 बजे पुलिस ने गंजाल नदी किनारे घेराबंदी कर आरोपी लोकेश कीर पिता अमर सिंह कीर उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम नाहरकोला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के बताए स्थान से घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त कर लिया गया।
- **दूसरा आरोपी पहले ही भेजा जा चुका जेल–** मामले का दूसरा आरोपी अमर सिंह कीर 22 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया जा चुका है और उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया था।
- **आदतन अपराधी है लोकेश कीर–** पुलिस के अनुसार आरोपी लोकेश कीर एक आदतन अपराधी है। उसके विरुद्ध पूर्व में भी तीन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें अपराध क्रमांक 41/2021 में धारा 354, 354(घ), 354-डी आईपीसी तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 11/12, अपराध क्रमांक 75/2022 में धारा 294, 323, 34, 506 आईपीसी तथा अपराध क्रमांक 117/2024 में धारा 115(2), 296 के तहत मामले दर्ज हैं।

### इन अधिकारियों और जवानों की रही सक्रिय भूमिका

पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्णा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान तथा एसडीओपी इटारसी के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। कार्रवाई में थाना प्रभारी शिवपुर केएन रजक, थाना प्रभारी सेमरी हरचंद चौकी उपनिरीक्षक विवेक यादव, थाना प्रभारी रामपुर गुर्रा उपनिरीक्षक संजीव पवार, सहायक उपनिरीक्षक अनिल ठाकुर, प्रधान आरक्षक विशाल, कृपाराम तथा आरक्षक पवन, अशोक, दीपक, शिवम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साइबर सेल से आरक्षक संदीप और दीपेश ने भी आरोपी की गिरफ्तारी में सक्रिय सहयोग रहा है।

## सार-समाचार

### इटारसी फ्रेंड्स ने शांतिवन में आरओ सहित वाटर कूलर स्थापित किया

**अनोखा तीर, इटारसी।** आज लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रवीण वशिष्ठ के नगर आगमन पर शांतिवन में लायंस क्लब इटारसी फ्रेंड्स द्वारा स्थापित आर.ओ. सहित वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अनिरुद्ध अग्रवाल, सचिव कामेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अर्जुन मेघानी ने बताया कि हमारे गवर्नर प्रवीण वशिष्ठ एवं उनकी धर्मपत्नी रेणु वशिष्ठ पिछले




दिनों क्लब की आधिकारिक यात्रा पर पधारे थे। उस अवसर पर उन्होंने शांतिवन का भ्रमण किया तथा आर.ओ. सहित वाटर कूलर स्थापित करने की मंशा जाहिर की। साथ ही उसमें स्वयं की सहभागिता की घोषणा भी की, जो आज मूर्त रूप ले चुका। लोकार्पण अवसर पर प्रमोद पगारे, पूर्व गवर्नर अनिल कुमार झा, राजेश अग्रवाल, सुरेश नवलानी, उपेंद्र साहू, दीपक चौरसिया, शिवानंद भारद्वाज, किशोर पटेल, हरीश मालवीय, अतुल अग्रवाल, गुलाबचंद अग्रवाल, राजेंद्र सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सेवा भारती ने नर्मदापुरम जिले की किन्नर पांचाली को महामंडलेश्वर बनने पर किया सम्मान

**अनोखा तीर, इटारसी।** इटारसी त्रिशालानंद गार्डन में किन्नर समाज के द्वारा अखिल भारतीय किन्नर सनातन सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें पूरे देश भर से लगभग 500 किन्नरो ने भाग लिया। जिसमें इटारसी की पांचाली किन्नर को नर्मदापुरम जिले का महामंडलेश्वर बनाया गया। इस अवसर पर



किन्नरो द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण कर पूजा अर्चना की गई। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सांवरिया द्वारा किन्नर समाज की पांचाली को नर्मदापुरम जिले का महामंडलेश्वर नियुक्त होने पर उनके निवास पहुंचकर महामंडलेश्वर किन्नर पांचाली का सम्मान किया। इस अवसर पर मुस्कान किन्नर भी उपस्थित थी। सम्मान करने वालों में सेवा भारती छात्रावास के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, छात्रावास कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, छात्रावास सदस्य मनोज राय, संभाग समन्वयक शिव प्रताप एवं शिव गोस्वामी उपस्थित रहे।

### आदि गुरु शंकराचार्य का जयंती पखवाड़ा आयोजित

**अनोखा तीर, माखननगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में माखननगर के सेक्टर 02 एक्सीलेंस आर्यन सेवा समिति द्वारा ग्राम मुडियाखेड़ा में आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती पखवाड़ा का कार्यक्रम




आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी कामता चौहान, नवांकुर संस्था संचालक मनीष चतुर्वेदी, परामर्शदाता हर्ष तिवारी एवं प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सचिन विश्वकर्मा आदि ग्रामवासी मौजूद थे। सर्वप्रथम आदि गुरु शंकराचार्य जी के चित्र के समक्ष पूजन अर्चन किया गया। सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। सभी ने अपने–अपने विचार साझा किए। सभी को जल गंगा अभियान की जानकारी प्रदान की।

### वार्ड 34 में पाईपलाइन क्षतिग्रस्त होने से पेयजल संकट

#### मरम्मत के बाद आपूर्ति बहाल

**अनोखा तीर, इटारसी।** वार्ड क्रमांक 34 में रेलवे द्वारा बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य के दौरान नगर पालिका की पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से पिछले दो दिनों से क्षेत्र के रहवासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। समस्या की जानकारी मिलते ही आज नगर पालिका अध्यक्ष



पंकज चौरे, वार्ड पार्षद अंजलि कलीसिया जल विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाइपलाइन को ठीक कराया गया, जिससे वार्ड में पुन: पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू हो गई। नगर पालिका अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि अब नियमित समय पर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। समस्या के समाधान के बाद वार्डवासियों ने राहत महसूस करते हुए नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## जनगणना 2027 : प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण संपन्न

**अनोखा तीर, माखननगर।** जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण के अंतर्गत नगर परिषद माखन नगर कार्यालय में जनगणना चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी जीएस राजपूत की अध्यक्षता में फील्ड ट्रेनर केके दुबे, केके बरकरे द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रशिक्षण संपन्न कराया। प्रशिक्षण में 30 प्रगणक एवं 6 सुपरवाइजरों एवं जनगणना में संलग्न कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान मकान सूचीकरण एवं ऐप आधारित कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई तथा फील्ड में प्रायोगिक टेस्टिंग भी की गई। सभी प्रतिभागियों ने निष्ठा के साथ जनगणना कार्य करने की शपथ ली। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य को पूर्णतः डिजिटल, सटीक, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराना है। यह देश की अब तक की सबसे बड़ी डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। चार्ज अधिकारी जीएस राजपूत ने बताया कि जनगणना का संपूर्ण कार्य डिजिटल माध्यम से किया जाएगा, इसलिए सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे फील्ड अधिकारियों को सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि योजनाओं के निर्माण हेतु प्रमाणिक डाटा एकत्रित किया जा सके।




**दो चरणों में होगी जनगणना–** प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक : इस चरण में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) किया जाएगा। मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्णतः एचएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से संपन्न होगा। प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से हाउस लिस्टिंग की प्रक्रिया, ऐप का उपयोग, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी गई।

**द्वितीय चरण फरवरी–मार्च 2027 : इस चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी–** प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर शासन द्वारा अधिसूचित प्रश्नावली के अनुसार जानकारी एकत्र करेंगे। इसमें आवास की स्थिति, उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं, धारित परिसंपत्तियां एवं अन्य आवश्यक विवरण शामिल होंगे। एचएलओ के अंतर्गत केवल सामान्य परिवार एवं संस्थागत परिवारों को शामिल किया जाएगा। प्रत्येक भवन एवं जनगणना मकान को क्रमवार नंबर प्रदान किया जाएगा।

लू का कहर

## सीहोर में 44 डिग्री तापमान, बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक चिंतित

**अनोखा तीर, बुदनी।** सीहोर जिले में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। बुधवार को तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर साफ नजर आने लगा। हालात ऐसे हैं कि सुबह 9 बजे के बाद बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है, जबकि दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा छा रहा है। तेज गर्मी और लू के चलते लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई है। अब अधिकतर लोग जरूरी काम सुबह और शाम के समय ही निपटा रहे हैं, जबकि दोपहर में घरों में रहना ही सुरक्षित समझ रहे हैं। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इस मौसम से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक गर्मी के कारण उल्टी-दस्त, चक्कर और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। डॉक्टरों ने लोगों को अधिक पानी और तरल पदार्थ लेने, खाली पेट बाहर न निकलने और धूप में निकलते समय शरीर को पूरी तरह ढककर रखने की सलाह दी है। गर्मी से राहत पाने के लिए शहर में ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। लस्सी, गन्ने का रस, नींबू पानी और शिकंजी की बिक्री में भी तेजी देखी जा रही है। वहीं आसपास के जिलों भोपाल, रायसेन, विदिशा और नर्मदापुरम में कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया जा चुका है, लेकिन सीहोर जिले में अब तक इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसे लेकर अभिभावकों में चिंता बढ़ती जा रही है और वे जिला प्रशासन से बच्चों के हित में जल्द फैसला लेने की मांग कर रहे हैं।



केन्द्रीय जेल में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन

## 13 वर्ष पुराने मामले का राजीनामा से निराकरण

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर (म.प्र.) के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा जेल प्रशासन के सहयोग से केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में 26 अप्रैल को विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

विशेष जेल लोक अदालत का वर्चुअल शुभारंभ खण्डपीठ ग्वालियर से मुख्य न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर एवं न्यायमूर्ति आनंद पाठक, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ ग्वालियर द्वारा किया गया। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड-अ में एक न्यायिक खण्डपीठ का गठन किया गया, जिसमें पीठासीन अधिकारी के रूप में के. शिवानी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नर्मदापुरम तथा सुलहकर्ता सदस्य के रूप में हेमेन्द्र सिंह ठाकुर, पैनल अधिवक्ता को नियुक्त किया गया। लोक अदालत में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय में बंदी का धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम का वर्ष 2013 से लंबित प्रकरण उभयपक्ष एवं उनके अधिवक्ताओं की उपस्थिति में राजीनामा के आधार पर निराकृत किया गया। कार्यक्रम में तृप्ति शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम, फिरोज अख्तर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम, दिव्या मित्तल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नर्मदापुरम, के. शिवानी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नर्मदापुरम, श्रीति अतुलकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नर्मदापुरम, विशाखा गोटवार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नर्मदापुरम, अभय सिंह, जिला विधिक अधिकारी, संतोष सिंह सोलंकी, जेल अधीक्षक, प्रहलाद सिंह बरकड़े, उप अधीक्षक, हितेश बंडिया, सहायक जेल अधीक्षक, सतीश तिवारी, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, हेमेन्द्र सिंह ठाकुर, सुलहकर्ता सदस्य, रीतेश तिवारी, अभियुक्त के अधिवक्ता, चैनसिंह मीना, परिवादी अधिवक्ता, बद्री प्रसाद अहिरवार एवं रविन्द्र कुमार सराठे, जिला न्यायालय कर्मचारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी मनोज कुमार सोनी, पूनम ठाकुर, राहुल बाल्मिक एवं नितेश डागोर उपस्थित रहे।




उक्त परकाम्य लिखत अधिनियम का प्रकरण वर्ष 2013 से न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नर्मदापुरम में लंबित था, जिसमें अध्यक्ष द्वारा चिन्हित प्रकरण में व्यक्तिगत रूप से रुचि लेकर उभयपक्षों एवं उनके अधिवक्ताओं से चर्चा की गई। विशेष जेल लोक अदालत हेतु गठित खण्डपीठ की पीठासीन अधिकारी के. शिवानी द्वारा लोक अदालत के लाभों की जानकारी दी गई तथा उभयपक्षों एवं उनके अधिवक्ताओं से चर्चा कर प्रकरण का निराकरण किया गया। इसके पश्चात अभियुक्त को जेल से रिहा किए जाने के आदेश जारी किए गए।

## भोपाल मंडल की 10 ट्रेनों में बढ़ेगी एसी इकॉनॉमी सुविधा

**अनोखा तीर, भोपाल।** यात्रियों की बढ़ती मांग और किफायती एसी यात्रा की जरूरत को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने बड़ा फैसला लिया है। मंडल से संचालित 10 प्रमुख ट्रेनों में कोच संरचना में बदलाव करते हुए अब 3-टियर एसी कोच की जगह 3ष्ट इकॉनॉमी कोच लगाए जाएंगे। यह बदलाव जून 2026 से चरणबद्ध तरीके से लागू होगा। रेलवे का मानना है कि 3ष्ट इकॉनॉमी कोच के जुड़ने से ज्यादा यात्रियों को कम किराए में एसी सुविधा मिल सकेगी। इससे वेटिंग लिस्ट का दबाव भी कम होगा और लंबी दूरी की ट्रेनों में सीट उपलब्धता बेहतर होगी। भोपाल मंडल की जिन ट्रेनों में यह सुविधा शुरू की जा रही है, उनमें रानी कमलापतिङ्करीवा, रानी कमलापतिङ्कहजरत निजामुद्दीन, भोपालङ्कसिंगरौली, भोपालङ्कचोपन और भोपालङ्कधनबाद रूट की ट्रेनें शामिल हैं। इन सभी ट्रेनों में जून के मध्य से अलग-अलग तारीखों में नया कोच जोड़ा जाएगा।

### इन ट्रेनों में मिलेगी सुविधा

15 जून से रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस। 16 जून से रीवा-रानी कमलापति एक्सप्रेस। 17 जून से रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस। 20 जून से निजामुद्दीन-रानी कमलापति व भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस। 21 से 24 जून के बीच चोपन और धनबाद रूट की ट्रेनों में भी बदलाव लागू होगा।




मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना

# 200 जोड़ों ने जीवन भर के लिए थामा एक दूसरे का हाथ

**अनोखा तीर, बैतूल।**

जिला मुख्यालय स्थित पुलिस ग्राउंड रविवार को उस समय उत्सव स्थल में तब्दील हो गया, जब मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 200 जोड़ों का भव्य सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ। पूरे परिसर में शहनाइयों की मधुर धुन, मंत्रोच्चारण और मंगल गीतों की गूंज के बीच नवदंपत्तियों ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई और सात फेरे लेकर जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। आकर्षक सजी वेदियों पर पारंपरिक विधि-विधान से विवाह संस्कार संपन्न कराए गए। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही गाजे-बाजे के साथ निकली बारात, जिसकी अगवानी जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे उपस्थित थे। विशेष अतिथियों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इमलाबाई जावलकर, नगर परिषद बैतूल बाजार अध्यक्ष श्रीमती दुर्गावती वर्मा, जनपद पंचायत आठनेर अध्यक्ष श्रीमती रोशनी उईके, नगर परिषद आठनेर अध्यक्ष श्रीमती सुषमा मनोज जगताप, जनपद पंचायत आमला अध्यक्ष गणेश यादव, नगर पालिका आमला अध्यक्ष नितिन गाडरे सहित जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय निकायों के पदाधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आने वाली आर्थिक परेशानियों को दूर करना और सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवार की बेटियों की चिन्ता कर पूरी भव्यता और गरिमा के साथ उनका विवाह संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विवाह एक ऐसा संस्कार है जिसमें पुरुष और प्रकृति एक होकर एकाकार हो जाते है और नव वैवाहिक जीवन में प्रवेश कर गृहस्थ आश्रम को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से सभी नव युगल दंपतियों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

**फिजूलखर्ची रुकेगी, बचत बनेगी भविष्य का सहारा-** प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने सामूहिक विवाह समारोह में कहा कि आज 200 जोड़े अपने नए जीवन की शुरुआत कर रहे हैं, जो समाज के लिए एक अच्छी और प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि शासन की इस योजना से न सिर्फ आर्थिक सहयोग मिल रहा है, बल्कि शादी में होने वाली फिजूलखर्ची पर भी रोक लग रही है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की इच्छा होती है कि वह कुछ अच्छा करे और अपनी बचत को भविष्य के लिए सुरक्षित रखे। सामूहिक विवाह जैसी पहल से परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होगा और बचाई गई राशि भविष्य में काम आएगी। इससे समाज में सादगी और जागरूकता की नई सोच विकसित होगी। प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इसका असली लाभ तभी मिलेगा, जब परिवार विवाह के बाद अनावश्यक खर्च से बचें और मिलने वाली राशि को भविष्य के लिए संभालकर रखें। आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे बेटियों के विवाह में आने वाली आर्थिक बाधाएं दूर हो रही हैं और उन्हें सम्मानपूर्वक नया जीवन शुरू करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे आपसी प्रेम, विश्वास और सहयोग से अपना जीवन सुखमय बनाएं।




**कन्या विवाह आयोजन में भोजन और पेयजल के उत्तम प्रबंध-** कन्या विवाह आयोजन में भोजन और पेयजल के उत्तम प्रबंध किए गए। गर्मियों को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की गई। पेयजल की सतत आपूर्ति के लिए पानी के टैंकर लगाए गए। सभी वर वधु और उनके परिजनों को उनके निर्धारित स्थानों पर ही समय-समय पर शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया। धूप से बचाव के लिए गुणवत्तापूर्ण टेंट लगाए गए और जगह-जगह कूलर की व्यवस्था भी की गई।

## सार-समाचार

### कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण

**अनोखा तीर, देवास।** जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार पंजीकृत किसानों से स्लॉट बुकिंग के आधार पर शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2585 बोनस 40 रुपए प्रति क्विंटल कुल 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से जिले में स्थापित 136 गेहूं उपार्जन केंद्रों पर गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। शनिवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा सेवा सहकारी समिति बैरागढ़ द्वारा संचालित गेहूं उपार्जन केंद्र मातृशक्ति वेयरहाऊस क्रं. 1 राजोदा का निरीक्षण किया गया। मौके पर उपार्जित किए जा रहे गेहूं की गुणवत्ता एवं तौल की जा रही बोरियों के वजन की जांच की गई। मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा की गई। वैध स्लॉट अवधि वाले शेष रहे किसानों की तौल



किए जाने के निर्देश समिति प्रबंधक को दिए गए। मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक को यह भी निर्देशित किया गया कि किसानों से एफएक्यू मानक का गेहूं उपार्जित किया जाए तथा 2250 क्विंटल प्रतिदिन गेहूं का उपार्जन किए जाने के संबंध में समस्त आवश्यक व्यवस्थाए यथा तौल कांटे, हम्मला तुलावटि आदि सुनिश्चित की जाए। उपार्जन केंद्र पर व्यवस्थाओं के संबंध में पूछे जाने पर उपस्थित किसानों द्वारा बताया गया कि, उपार्जन केंद्र पर पीने के पानी, बैठने के लिए छाव एवं शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। उपार्जन केंद्र की व्यवस्थाओं के संबंध में किसानों द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गई। निरीक्षण के समय अपर कलेक्टर संजीव जैन, उपायुक्त सहकारिका सुश्री दीपाली खंडेलवाल, जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिले में अब तक गेहूं उपार्जन हेतु कुल पंजीकृत किसान संख्या 77335 में से 37019 स्लॉट बुक किया गया है, जिनमें से 23147 किसानों द्वारा अपनी उपज गेहूं उपार्जन केंद्रों पर लाकर विक्रय की गई है। 23147 किसानों से कुल 9लाख 83 हजार 140 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। 25 अप्रैल शनिवार को 935 किसानों से लगभग 35 हजार क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया गया। उपार्जित गेहूं की भुगतान योग्य राशि के विरूद्ध लगभग 150 करोड़ रुपए के ईपीओ प्राप्त हुए है, जिसमें से 102.70 करोड़ रुपए का सफल भुगतान किसानों के आधार लिंक खाते में किया जा चुका है। भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में संचालित सभी उपार्जन केंद्रों पर प्रतिदिन 2250 क्विंटल गेहूं की खरीदी करने की व्यवस्था की गई है। राज्य शासन द्वारा गेंहू उपार्जन के लिए किसानो के लिए स्लॉट अवधि 9 मई तक बढ़ा दी गई है। अब छोटे, मध्यम एवं बड़े सभी किसान स्लॉट बुक कर समर्थन मूल्य पर गेंहू विक्रय कर सकते है।

### प्रीति यादव बनी महिला विभाग की जिलाध्यक्ष



**अनोखा तीर, देवास।** सामाजिक कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका और कर्मठता के लिए पहचान रखने वाली श्रीमती प्रीति यादव को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें भारत तिब्बत समन्वय संघ जिला देवास का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनकी इस नियुक्ति का प्रस्ताव मालवा प्रांत की उपाध्यक्ष श्रीमती शोभा गोस्वामी द्वारा रखा गया था, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। श्रीमती प्रीति यादव लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी कार्यकुशलता और महिलाओं के उत्थान के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए संगठन ने उन पर यह भरोसा जताया है। जिलाध्यक्ष बनने के बाद श्रीमती यादव जिले में महिला सशक्तीकरण और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगी। श्रीमती शोभा गोस्वामी सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल के लिए अनंत मंगलकामनाएं प्रेषित की हैं। उक्त जानकारी संघ के जिला महामंत्री जयदेव वर्मा ने दी।

# श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के हेमंत खंडेलवाल का हुआ सम्मान

- ट्रस्ट के विकास को लेकर ट्रस्टियों की हुई बैठक

**अनोखा तीर, बैतूल।**

जिले के सबसे बड़े धार्मिक ट्रस्ट श्री राम मंदिर, श्री शिव मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर, श्री छोटा राम मंदिर, पार्वती भवन एकीकृत ट्रस्ट बैतूल जिले का सबसे बड़ा एवं पुराना ट्रस्ट है। इस ट्रस्ट में बैतूल विधायक एवं वर्तमान में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को पूर्व में ट्रस्टी बनाया गया था। आज ट्रस्ट के पदाधिकारीं, ट्रस्टी एवं ट्रस्ट के सभी मंदिरों के पुजारी श्री खंडेलवाल के निवास पर पहुंचे जहां उन्हें ट्रस्ट के साथ जुडने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट की बैठक का भी आयोजन किया गया जिसमें भगवान श्रीराम के दिव्य एवं भव्य मंदिर निर्माण के संकल्प को साकार करने हेतु विस्तृत चर्चा की।



बैठक के दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष, ट्रस्टी एवं पुजारियों ने ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल का आत्मीय स्वागत सम्मान किया। अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, सचिव नवनीत गर्ग एवं कोषाध्यक्ष डॉ. कांत दीक्षित ने शाल एवं श्रीफल से श्री खंडेलवाल को सम्मानित किया। इसके पश्चात उपस्थित अन्य ट्रस्टियों ने भी श्री खंडेलवाल का पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया। बैठक में ट्रस्ट के विकास की भावी कार्ययोजना, श्रद्धालुओं की सुविधाएं, धार्मिक आयोजनों के विस्तार तथा क्षेत्र में सनातन संस्कृति के संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। उपस्थित जनों ने कहा कि श्रीराम मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि समाज को संस्कार, सेवा और एकता का संदेश देने वाला पावन धाम बनेगा। हेमंत खंडेलवाल ने ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का मंदिर श्रद्धा का प्रतीक है और इसके भव्य निर्माण के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। चर्चा के दौरान ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री शिव मंदिर के जीर्णोद्धार पर भी ट्रस्टियों ने चर्चा की जिसको लेकर श्री खंडेलवाल ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, ट्रस्ट के सचिव नवनीत गर्ग, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष डॉ. कांत दीक्षित, ट्रस्टीगण डॉ. विनेंद्र वैध, जगमोहन खंडेलवाल, अंबेश बलुआपुरी, रंजीत शिवहरे, राम भार्गव, मनीष अंटू खंडेलवाल, रामानुज माहेश्वरी एवं नीलेश अग्रवाल के अलावा ट्रस्ट के व्यवस्थापक पं. अजय जोशी, ट्रस्ट के मंदिरों के बबलू पांडे,पं. दिलीप दुबे, पं. राजू पारिख, पं. कृष्णा सोनी के अलावा ट्रस्ट से जुड़े सुशील सोनी, राम सिंह, तरुण सोनी मौजूद रहे।

# स्टेशन पर यात्रियों को पिलाया शीतल जल

- गर्मी में यात्रियों को मिली राहत



**अनोखा तीर, बैतूल।** गर्मी का प्रकोप दिनों दिन बढ़ता जा रहा है और प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ी सेवा और धर्म माना गया है। ट्रेन स्टेशनों पर कुछ मिनटों के लिए ही रूकती है ऐसे में यात्री उतरकर पानी नहीं भर पाते हैं। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं गायत्री परिवार घोड़ाडोंगरी के संयुक्त तत्वावधान में रेल यात्रियों के लिए निःशुल्क जल सेवा प्रदान की गई। घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन पर दोपहर के समय ट्रेनों में यात्रियों को सैकड़ों लीटर स्वच्छ एवं ठंडा पानी पिलाया गया। जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिली। सेवा कार्य यात्रियों के लिए अत्यंत उपयोगी और सराहनीय रहा। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक, मप्र जन अभियान परिषद एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के संयोजक संतोष राजपूत, गायत्री परिवार के डॉ.मनोज पाटणकर श्री दशरथ एवं गायत्री परिवार की सदस्य बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू कोर्स के परामर्शदाता के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विजय कुमार महतो, जतिन प्रजापति, संगीता उघडे सहित दोनों कक्षाओं के सायह सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे एवं सभी ने सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। ब्लॉक समन्वयक संतोष राजपूत ने आभार व्यक्त किया।

# विधायक ने अपने वेतन से बालिका की शिक्षा के लिए दी राशि

- बालिका ने भावनात्मक संदेश से किया धन्यवाद



**अनोखा तीर, कांटाफोड़।**

बागली विधानसभा में विधायक मुरली भंवरा अपने निवास सेवा सदन में जनता दरबार लगाते हैं। आम जनता अपनी अलग अलग समस्या को लेकर पहुंचते है, उसी क्रम में नगर कांटाफोड़ की वार्ड नं 3 की बालिका नेहा पिता प्रेम लडोलिया ने जनता दरबार में अपनी समस्या को बताया था कि उसके पापा पानी पतासे का ठेला लगाते हैं जिससे परिवार का खर्च चला पता है। मेरी पढ़ाई के लिए राशि नहीं बच पाती है इस कारण मैं शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रही हूं। आप सहयोग करेंगे तो मेरी शिक्षा आगे जारी रह सकती है, उसके बाद विधायक मुरली भंवरा ने बालिका की शिक्षा में लगने वाली राशि अपने वेतन में से देने का निर्णय लिया। शनिवार को उन्होंने यह राशि सरस्वती शिशु मंदिर कांटाफोड़ में नेहा के परिवार एवं प्रधान आचार्य को 25 हजार रुपए नगद प्रदान की गई।

इस दौरान विधायक मुरली भंवरा के लिए भावनात्मक संदेश सुनाया जिसमें उन्होंने बताया कि विधायक द्वारा दी गई राशि मेरे विद्यार्थी जीवन में मुझे पढ़ाई करने में, मेरे सपनो को पूरा करने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर रही हैं। मैंने आपके आर्शिवाद से कक्षा 12वीं की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर ली है। ऐसे ही आगे भी पढ़ाई में सहयोग मिलता रहे ताकि मैं मेरे माता-पिता एवं परिवार का नाम रोशन करती रहूं। आप लगातार बागली विधानसभा में शिक्षा के क्षेत्र में सौगातें दिला रहे हैं एवं आप मेरे जैसे विद्यार्थियों को भावनात्मक रूप से भी प्रत्यक्ष सहयोग कर रहे है।

बागली विधानसभा शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करेगा। मेरे पूरे परिवार की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद। विधायक मुरली भंवरा ने बताया कि वह स्वयं विधायक बनाने से पूर्व एक शिक्षक था, आज भी अपने आपको एक शिक्षक के रूप में ही देखता हूं बालिका ने जब जनता दरबार में समस्या बताई थी। जब मैंने शिक्षक के रूप में यह निर्णय लिया था कि एक विद्यार्थी की शिक्षा पैसे के अभाव में रूकना नहीं चाहिए इसलिए मैंने यहां राशि अपने स्वयं के मानदेय से देने का निर्णय लिया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर प्रधानाचार्य व समिति कोषाध्यक्ष मनोज तिवारी पार्षद प्रतिनिधि बलदाऊ दुबे पार्षद अनिरुद्ध शर्मा किसान नेता दीपचंद मीणा उपस्थित थे।

### बाबा के चरण स्थापना पर होगा विशाल जम्मा जागरण

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** बाबडिया भाऊ में श्री बाबा रामदेव मंदिर में बाबा के चरण स्थापना के पावन अवसर पर 1 मई शुक्रवार को विशाल जम्मा जागरण का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम रात्रि से प्रभु इच्छा तक श्री राधा कृष्ण मंदिर के सामने, बाबडिया भाऊ में होगा। जागरण में प्रसिद्ध भजन सम्राट पं. राकेश दीक्षित अपने भजनों से बाबा का गुणगान करेंगे। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में आयोजकों ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# सहकारी बैंक द्वारा चलाया जा रहा है विशेष वसूली अभियान

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** जिला सहकारी बैंक द्वारा मार्केटिंग फेडरेशन की लंबित राशि के भुगतान सुनिश्चित करने के लिए वसूली अभियान को गति दी गई है। प्रमुख सचिव, सहकारिता द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में जिलेभर में विशेष वसूली अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत किसानों से घर-घर संपर्क कर लंबित राशि की वसूली की जा रही है। इस कार्य के लिए सभी सोसायटी कर्मियों को फील्ड में सक्रिय रूप से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिससे वसूली प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। जिले की विभिन्न बैंक शाखाओं में शाखा प्रबंधकों एवं सोसायटी कर्मियों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, ताकि तय समयसीमा में वसूली सुनिश्चित की जा सके। अब तक जिले में लगभग डेढ करोड रुपये की वसूली की जा चुकी है। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जिले में निरंतर रूप से वसूली की कार्रवाई जारी है और सहकारिता विभाग द्वारा अभियान को सफल बनाने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। जिला सहकारी बैंक द्वारा सभी किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी लंबित राशि का समय पर भुगतान करें। कलेक्टर द्वारा उपायुक्त सहकारिता को वसूली में तेजी लाने और वसूली न करने वाली सोसाइटी व कर्मियों पर सख्ती करने तथा अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत करने के निर्देश दिए गए हैं।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल, म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। प्रधान संपादक सुरेश लोहाना / संपादक प्रहलाद शर्मा / प्रबंध संपादक महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।

## सार-समाचार

### प्राकृतिक खेती से कृषकों को अवगत कराया

**अनोखा तीर, हरदा।** मिशन हैप्पी हरदा के अंतर्गत डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय खंडवा एवं हरदा की सिविल सोसाइटी के साथ मिलकर 100 एकड़ में प्राकृतिक खेती करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए ग्राम पानतलाई में गत दो वर्ष से सत्यशिव फार्म पर 25 एकड़ में प्राकृतिक खेती



का अनुसंधान किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती के तरीकों के अवलोकन एवं चर्चा के उद्देश्य से ग्रामीण बैंक सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति हरदा के कर्मचारियों ने पानतलाई में बैठक की और अपने-अपने घर में प्राकृतिक खेती शुरू करने की बात कही। इसमें विनोद पालीवाल, रामचंद्र गुर्जर, देवेंद्र वागरे, महेश विश्नोई, अनिल दुबे एवं उनके साथी उपस्थित थे। नीमगांव के प्रगतिशील किसान राम दयाल झुरिया ने अपने गांव में इस कार्य को अतिशीघ्र शुरू कराने के लिए सहमति दी। रमन क्षेत्रीय संसाधन केंद्र के क्षेत्रीय समन्वयक उमेश शर्मा ने बताया कि किसानों की तैयार फसल किसानों से खरीदी जाएगी, जिससे किसानों को अधिक लाभ मिलने के साथ-साथ उनकी भूमि का सुधार भी होगा।

### किसान आंदोलन के लिए गांव-गांव कर रहे संपर्क

**अनोखा तीर, हरदा।** 28 अप्रैल को प्रस्तावित विशाल किसान आंदोलन को लेकर किसानों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। इस अभियान के तहत नितिन बद्री प्रसाद जोशी कनारदा, राघवेन्द्र पारे और उनकी टीम द्वारा विभिन्न गांवों में पहुंचकर किसानों को आंदोलन की जानकारी दी जा रही है। टीम ने



ग्राम भाटपरेटिया, कोटल्याखेड़ी, रूपीपरेटीया, मनियाखेड़ी, सोहागपुर, पानतलाई, छीदगांव, बालागांव, झुंडगांव, बरखेड़ी मगरधा, झुंडगांव कुकराबाद, रहटा, बूंदडा, जिजगाव, नकबाड़ा, सिरकांबा, झाड़पा, कासरनी और रहटगांव में व्यापक संपर्क किया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने आंदोलन में शामिल होने की सहमति जताई और सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिलाया। किसान नेताओं का कहना है कि आंदोलन को सफल बनाने के लिए लगातार गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक किसान इसमें शामिल होकर अपनी मांगों को मजबूती से रख सकें।

**नर सेवा ही नारायण सेवा**

### आग से बेघर हुए परिवारों को सेवा भारती ने पहुंचाई राहत

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले में समाजसेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है, जहां सेवा भारती हरदा ने संकट की घड़ी में जरूरतमंद परिवारों की मदद कर मानवता का परिचय दिया। टिमरनी तहसील के ग्राम बड़झिरी में हाल ही में हुई भीषण आगजनी की घटना ने आठ परिवारों की जिंदगी को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। आग की लपटों में उनके कच्चे मकान, घर-गृहस्थी का सामान और रोजमर्रा की जरूरत की चीजें पूरी



तरह जलकर खाक हो गईं, जिससे ये परिवार खुले आसमान के नीचे जीवनयापन करने को मजबूर हो गए। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सेवा भारती हरदा की टीम तुरंत सक्रिय हुई और प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य किया। संस्था द्वारा इन परिवारों को घर-गृहस्थी में उपयोग होने वाले आवश्यक सामान जैसे बर्तन, पेटी, कोठी के साथ-साथ खाद्य सामग्री भी वितरित की गई, ताकि वे अपने दैनिक जीवन को फिर से शुरू कर सकें। सेवा भारती के इस सेवा कार्य से प्रभावित परिवारों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ नजर आया। सामग्री प्राप्त करने के बाद सभी परिवारों ने भावुक होकर संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस मुश्किल समय में मिली यह सहायता उनके लिए बहुत बड़ा सहारा है। सेवा भारती हरदा का यह प्रयास न केवल मानव सेवा की भावना को मजबूत करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि समाज में आज भी ऐसे लोग और संस्थाएं मौजूद हैं जो हर परिस्थिति में जरूरतमंदों के साथ खड़े रहते हैं। यह कार्य नर सेवा ही नारायण सेवा है के मूल मंत्र को साकार करता है।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने संदीप सोलंकी



**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम में रहने वाले कांग्रेस के युवा नेता संदीप सोलंकी को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर रविवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पवार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद पटेल, मंडल अध्यक्ष अमित पाटिल, नारायण सांखला, रामदास रायखेरे, आदित्य पटेल, संजय सोलंकी, विनोद सोलंकी, मनोज सोलंकी और रामकृष्ण सोलंकी ने बधाई दी।

# भीषण गर्मी में भी कर्तव्यनिष्ठा

**● 43 डिग्री तापमान के बीच हरदा जिले के पटवारी कर रहे गांव-गांव जाकर सीमांकन ● लघुसिंचाई संगणना और किसान संबंधित कार्य**



**अनोखा तीर, हरदा।**

जिले में इन दिनों गर्मी ने अपने तेवर पूरी तरह दिखा दिए हैं। तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच चुका है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। तेज धूप और लू के कारण शहर के बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है, वहीं ग्रामीण इलाकों में भी किसान खेतों के बजाय अपने घरों में रहने को मजबूर हैं। दोपहर के समय सड़कों पर निकलना किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। ऐसे भीषण गर्मी के दौर में जहां आम लोग घरों में सुरक्षित रहने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं जिले के पटवारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए तपती धूप में गांव-गांव घूमकर किसानों के काम कर रहे हैं। शासन द्वारा सौंपे गए विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य जैसे सीमांकन, जनगणना, लघु सिंचाई संगणना, सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण और फार्मर रजिस्ट्री इन सबकी जिम्मेदारी पटवारियों के कंधों पर है। गर्मी की तीव्रता इतनी अधिक है कि सुबह 10 बजे के बाद ही हालात असहनीय हो जाते हैं, फिर भी पटवारी दिनभर फील्ड में रहकर अपने कार्यों को पूरा कर रहे हैं। कई स्थानों पर उन्हें बिना किसी छाया या पर्याप्त संसाधनों के काम करना पड़ रहा है। पानी और विश्राम की सीमित सुविधाओं के बीच वे लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर दस्तावेजी कार्यवाही और निरीक्षण कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी भीषण गर्मी में भी पटवारियों की सक्रियता सराहनीय है, लेकिन उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता भी जताई जा रही है। वहीं आफिस में बैठे अधिकारी प्रदेश ओर जिले में प्रथम आने कि होड़ में पटवारियों पर दबाव बनाकर इस भीषण गर्मी में टारगेट देकर काम करने पर मजबूर कर रहे हैं। दिन भर काम का दबाव ओर प्रतिदिन शाम को विडियो कांफ्रेंस से जानकारी लेकर मानसिक दबाव दिया जा रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में हरदा जिले के पटवारियों की मेहनत और समर्पण न सिर्फ कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण पेश कर रहा है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए जमीनी स्तर पर कितनी मेहनत की जाती है।

### आज दो घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**अनोखा तीर, हरदा।** आज 27 अप्रैल सोमवार सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक 11 केवी गुप्तेश्वर मंदिर फीडर पर विभाग द्वारा खेड़ीपुरा एवं सोनपुल क्षेत्र में दो 100 केवीए के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे। इस आवश्यक कार्य के चलते संबंधित फीडर से जुड़ी विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी। विभागीय जानकारी के अनुसार, बढ़ते विद्युत भार और उपभोक्ताओं को बेहतर व सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। कार्य के दौरान सुरक्षा कारणों से विद्युत प्रवाह पूरी तरह बंद रहेगा। इस अवधि में श्रीराम कॉलोनी, खेड़ीपुरा, घंटाघर, गौर कॉलोनी, नेहरू कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। विद्युत विभाग ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद जताया है।

# गायों को आश्रम से चुराकर रेलवे ट्रैक पर बांधी, पांच गायों की मौत

**हिन्दू संगठन ने की आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग**

**अनोखा तीर, हरदा।**

हरदा जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में गंजालेश्वर आश्रम से पांच गोवंशीय पशुओं को चुराकर रेलवे ट्रैक पर बांधने का मामला सामने आया है। शनिवार रात हुई इस घटना में ट्रेन की चपेट में आने से सभी गायों की मौत हो गई। रविवार सुबह छिदगांव मेल क्षेत्र में ट्रैक के पास शव मिले, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अज्ञात आरोपियों ने आश्रम से मवेशियों को चुराया और उन्हें रस्सी से रेलवे ट्रैक पर बांध दिया। इसके बाद ट्रेन गुजरने से सभी पशु उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रही। सूत्रों के अनुसार, आश्रम के कर्मचारियों का दो दिन पहले किसी से विवाद हुआ था, जिसे घटना से जोड़कर देखा जा रहा है।



#### आरोपी गिरफ्तार करने की मांग

घटना के विरोध में हिंदूवादी संगठनों ने करीब तीन घंटे तक प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने प्रशासन को तीन दिन का समय देते हुए कार्रवाई की मांग रखी। एसडीओपी आकांक्षा तलया ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मवेशियों को ट्रैक पर बांधने के कारण उनकी मौत हुई और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संदिग्धों की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई जा रही है। प्रशासन ने मामले में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### भादूगांव में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

**● जैन समाज ने भक्ति भाव से निकाली घट यात्रा, दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठान**

**अनोखा तीर, हरदा।**

जिले के टिमरनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भादूगांव स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में नवीन वेदी स्थापना के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ रविवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक घट यात्रा के साथ हुई, जिसमें जैन समाज के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिष्ठाचार्य पंडित ऋषभ कुमार शास्त्री (सागर) के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में दिनभर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। प्रात: 8 बजे अभिषेक एवं शांतिधारा से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसके बाद सुबह



9.30 बजे भव्य घट यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण में धर्मध्वजा के साथ घट यात्रा में शामिल हुए। इसके पश्चात 11 बजे वेदी शुद्धि का आयोजन किया गया तथा दोपहर 12 बजे सामूहिक भोजन का आयोजन हुआ। दोपहर 2 बजे याग मंडल विधान के साथ धार्मिक क्रियाएं और अनुष्ठान विधिपूर्वक संपन्न किए गए। जैन समाज हरदा के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महोत्सव में जिले भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरे ग्राम भादूगांव में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह और उल्लास का वातावरण बना हुआ है। मंदिर से जुड़े नवनीत जैन ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें वेदी प्रतिष्ठा की मुख्य विधि संपन्न होगी। आयोजन को सफल बनाने में जैन समाज के सदस्यों का सक्रिय सहयोग देखने को मिल रहा है। यह महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता और संस्कारों के संरक्षण का संदेश भी दे रहा है।

### बनारस-हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ

**-भोपाल मंडल के यात्रियों को मिलेगा लाभ**

**अनोखा तीर, भोपाल।** यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध कराने की दिशा में पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बनारस-हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन विशेष फेरे का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 02531 बनारस-हडपसर उद्घाटन स्पेशल का शुभारंभ 28 अप्रैल 2026 को बनारस से शाम 16.45 बजे किया जाएगा।

यह विशेष गाड़ी अत्याधुनिक अमृत भारत रेक (22 कोच) के साथ संचालित होगी, जिससे यात्रियों को आधुनिक एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्राप्त होगी। यह उद्घाटन विशेष ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के बीना, रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिससे भोपाल मंडल के यात्रियों को बेहतर और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलेगा। रेल प्रशासन के अनुसार, इस ट्रेन के संचालन से पूर्व और पश्चिम भारत के बीच रेल संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा।

**भोपाल मंडल में ट्रेन के प्रमुख ठहराव एवं समय सारणी** - बीना स्टेशन पर आगमन 05:15 बजे एवं प्रस्थान 05:20 बजे, रानी कमलापति स्टेशन पर आगमन 07:35 बजे एवं प्रस्थान 07:40 बजे, नर्मदापुरम स्टेशन पर आगमन 08:50 बजे एवं प्रस्थान 08:55 बजे, इटारसी स्टेशन पर आगमन 09:25 बजे एवं प्रस्थान 09:30 बजे तथा हरदा स्टेशन पर आगमन 10:20 बजे एवं प्रस्थान 10:25 बजे निर्धारित है। इसके पश्चात ट्रेन खंडवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड, कोपरगांव, अहिल्यानगर और दौंड कॉर्ड लाइन होते हुए अगले दिन 00:55 बजे हडपसर पहुंचेगी। रेल प्रशासन ने बताया कि इस उद्घाटन विशेष ट्रेन के नियमित संचालन के संबंध में सूचना पृथक से जारी की जाएगी। यह नई अमृत भारत सेवा यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आधुनिक यात्रा सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**बड़झिरी अग्निकांड...**

# पीड़ित मानव की सेवा को महिला संस्थाओं ने बनाया धर्म, 8 परिवारों को दी राहत सामग्री



**अनोखा तीर, सिराली।**

पीड़ित मानव की सेवा ही सच्ची माधव सेवा है। इसी भाव को आत्मसात करते हुए हरदा की विभिन्न महिला सामाजिक संस्थाओं ने एक सराहनीय पहल की। वनग्राम बड़झिरी में हाल ही में हुई अग्नि दुर्घटना में 8 परिवारों के मकान जलकर खाक हो गए, जिससे प्रभावित परिवारों के सामने जीवनयापन का गंभीर संकट खड़ा हो गया। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही शहर की कई महिला संस्थाएं एकजुट होकर बड़झिरी पहुंचीं और पीड़ित परिवारों को आवश्यक राहत सामग्री वितरित कर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया। इस सेवा कार्य में मारवाड़ी अग्रवाल समाज न्यास, जीन माता समिति, सेवा



भारती मध्य भारत, मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन हरदा इकाई, मध्यप्रदेश अग्रवाल महिला महासभा एवं अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की सक्रिय भागीदारी रही। संस्थाओं द्वारा जरूरतमंद परिवारों को उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिसमें 16 टीन, 8 बड़ी पेटी, 8 कोठी, 8 बाल्टी, 25 बर्तनों के सेट, दैनिक उपयोग की किट (सर्फ, साबुन आदि), चावल, आटा, मसाले, साड़ी, कपड़े, अचार, डिब्बे, बिस्किट, नाश्ता सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल रहीं। सभी संस्थाओं की महिला सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की, उनका हाल जाना और उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने कहा कि संकट की घड़ी में समाज का हर व्यक्ति एक-दूसरे के साथ खड़ा रहे, यही सच्ची मानवता है। इस मौके पर सिराली के समाजसेवी कुंज बिहारी सोमानी ने कहा कि यह सेवा कार्य न केवल राहत पहुंचाने का माध्यम बना, बल्कि समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की एक मजबूत मिसाल भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने प्रभावित जनों को क्षेत्रभर से मिल रही सहायता को सर्व धर्म समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

आवश्यकता है

नर्मदांचल के प्रमुख हिन्दी समाचार पत्र

दैनिक अनोखा तीर

निशाने पर हर खबर

JOB VACANCY

में विभिन्न पदों पर योग्य उम्मीदवारों की आवश्यकता है।

- मार्केटिंग प्रतिनिधि (पद-4)
- रिपोर्टर (पद-2)
- कम्प्यूटर ऑपरेटर (हिन्दी टाईपिंग अनिवार्य)

संपर्क करें : समय सांय 6 बजे से 7 बजे तक

वेतन योग्यता अनुसार | अनुभवी को प्राथमिकता

कार्यालय :- दैनिक अनोखा तीर

रेमण्ड शोरूम के नीचे, जी.पी. मॉल के सामने, हरदा